■ RNI:
UPHIN/2015/60902

■ डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
■ www.theachivertimes.com

# द अचीवर टाइम्स



■ वर्ष : 9 ■ अंक : 218
■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, शुक्रवार, 01 दिसम्बर, 2023

# MP-CG में कांटे की टक्कर, राजस्थान में बीजेपी को बढ़त का अनुमान

एजेंसी




**नई दिल्ली।** तेलंगाना में मतदान खत्म होने के बाद पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव को लेकर एग्जिट पोल आ चुके हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश के एग्जिट पोल अनुमान के मुताबिक सत्ता के लिए कांटे की टक्कर होने का अनुमान है। गौरतलब है कि मिजोरम में 7 नवंबर, छत्तीसगढ़ में दो चरणों में 7 नवंबर और 17 नवंबर, मध्य प्रदेश में 17 नवंबर, राजस्थान में 25 नवंबर को मतदान कराए गए।

पूर्वोत्तर भारतीय राज्य मिजोरम के एग्जिट पोल अनुमान के मुताबिक एमएनएफ को 10-14 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस को 5-9 सीटें मिलने के आसार हैं। भाजपा जनाधार तलाशती दिख रही है। बीजेपी को 0-2 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य के खाते में 15-25 सीटें जा सकती हैं।

**इंडिया टीवी सीएनएक्स** के एग्जिट पोल के मुताबिक एमएनएफ 14-18 सीटें जीतेगी। कांग्रेस को 8-10 सीटें मिलेंगी। भाजपा को 0-2 सीट मिल सकती है। अन्य और निर्दलीय के खाते में 12-16 सीटें जानें का अनुमान है।

**मिजोरम में एबीपी-सी** वोटर के एग्जिट पोल के मुताबिक एमएनएफ को 14-18 सीटें मिलने का अनुमान है। कांग्रेस को 8-10 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 0-2 सीटें मिल सकती हैं। जेपीएम को 12-16 सीटें मिल सकती हैं।

**टाइम्स नाऊ-ईटीजी** के एग्जिट पोल में एमएमएफ को 14-18 सीटें मिलने का अनुमान है। कांग्रेस को 8-10 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 0-2 सीटें मिलने का अनुमान है। जेपीएम को 12-16 सीटें मिल सकती हैं। अन्य दलों को 0-5 सीटें मिलने का अनुमान है।

तेलंगाना का एग्जिट पोल- कांग्रेस को लीड, बीआरएस पिछड़ सकती है, भाजपा दोहरे अंकों में!

मतदान खत्म होने के साथ ही तेलंगाना का एग्जिट पोल आ चुका है। कांग्रेस को लीड मिलने की संभावना है। जन की बात के एग्जिट पोल में 48-64 सीटें मिलने की संभावना है। बीआरएस पिछड़ सकती है। इस सर्वे के मुताबिक मुख्यमंत्री केसीआर को 40-45 सीटें मिल सकती हैं। पहली बार भाजपा दोहरे अंकों में जा सकती है। भाजपा 7-13 सीटें जीत सकती है।

तेलंगाना में इंडिया टीवी सीएनएक्स के अनुमान के मुताबिक सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को 31-47 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस को 63-79 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को महज दो-चार सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य की झोली में 5-7 सीटें जा सकती हैं।

छत्तीसगढ़ के एग्जिट पोल में भी कांटे की टक्कर

**जन की बात** के एग्जिट पोल में भी छत्तीसगढ़ में कांटे की टक्कर होगी। कांग्रेस को 34-45 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा को 42-53 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य को तीन सीटें मिले सकती हैं।

**टीवी 5 न्यूज** के अनुमान के मुताबिक कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलेगा। पार्टी 56-64 सीटें जीतने में सफल होगी। भाजपा को 29 से 39 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य और निर्दलीय के खाते में 0-2 सीटें जा सकती हैं।

**एबीपी और सी वोटर** के सर्वे में कांग्रेस को 41 से 53 सीटें मिलेंगी। भाजपा को 36 से 48 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य के खाते में 0-4 सीटें जा सकती हैं।

**न्यूज-24 और टुडेज चाणक्या** के एग्जिट पोल अनुमान में कांग्रेस को 57 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 33 सीटें मिलेंगी। अन्य के खाते में एक भी सीट नहीं जाएगी।

**रिपब्लिक और मैट्रिज** के अनुमान के मुताबिक छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर हो सकती है। कांग्रेस को 44 से 52 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 34 से 42 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य को 0-2 सीटें मिलने का अनुमान है।

**टीवी-9 पोल स्ट्रैट** के अनुमान के अनुसार कांग्रेस को 40-50 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 35-45 सीटें मिल सकती हैं। अन्य को 0-3 सीटें मिल सकती हैं।

**टाइम्स नाऊ और ईटीजी** के सर्वे में कांग्रेस को 48-56 सीटें मिलने का अनुमान है। इस सर्वे के मुताबिक भाजपा को 32-40 सीटें, जबकि अन्य के खाते में 2-4 सीटें जा सकती हैं।

**राजस्थान में छरू अशोक गहलोत को झटका, भाजपा को बड़ी बढ़त मिलने के आसार**

जन की बात के एग्जिट पोल के अनुसार राजस्थान में कांग्रेस को केवल 62-85 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा को 100-122 सीटें मिल सकती हैं। अन्य दलों के खाते में 14-15 सीटें जाने का अनुमान है।

आज तक एक्सिस माय इंडिया के एग्जिट पोल में राजस्थान में कांग्रेस को 86-106 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा 80-100 सीटें जीत सकती है। अन्य के खाते में 9-18 सीटें जा सकती हैं।

**टीवी-9 पोल स्ट्रैट** के एग्जिट पोल में कांग्रेस को 90-100 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा के खाते में 100-110 सीटें जा सकती हैं। अन्य और निर्दलीय उम्मीदवारों को 5-15 सीटें मिलने का अनुमान है।

**टाइम्स नाऊ ईटीजी** के एग्जिट पोल में कांग्रेस को 56-72 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा को 108-128 सीटें मिल सकती हैं। अन्य के खाते में 13-21 सीटें जा सकती हैं।

**रिपब्लिक पी मार्क** के एग्जिट पोल में कांग्रेस की सरकार को तगड़ा झटका लगने के आसार हैं। इसके मुताबिक कांग्रेस को केवल 69-91 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 105-125 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य की झोली में 5-15 सीटें जाएंगी।

राजस्थान में इंडिया टीवी सीएनएक्स के एग्जिट पोल के मुताबिक इंडिया टीवी सीएनएक्स के एग्जिट पोल में कांग्रेस को 94-104 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा केवल 80 से 90 सीटों पर सिमटती दिख रही है। अन्य के खाते में 14-18 सीटें जा सकती हैं।

**मध्य प्रदेश में भाजपा को बहुमत का अनुमान**

रिपब्लिक-मैट्रिज के एग्जिट पोल में मध्य प्रदेश में भाजपा को 118-130 सीटें मिलने का अनुमान है। कांग्रेस को 97-107 सीटें मिल सकती हैं। अन्य को 0-2 सीटें मिलने का अनुमान है। इन अनुमानों के मायने हैं कि मध्य प्रदेश में भाजपा को बहुमत मिलेगा। बता दें कि मध्य प्रदेश में 230 विधानसभा सीटें हैं। बहुमत का आंकड़ा 116 है।

जन की बात के अनुमान के मुताबिक मध्य प्रदेश में भाजपा को 100-123 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस को 102-125 सीटें मिल सकती हैं। अन्य की झोली में 0-5 सीटें जा सकती हैं।

## एक नज़र

### स्क्वाड्रन लीडर मनीषा पाढ़ी बनीं देश की पहली महिला एडीसी



**मिजोरम।** वायु सेना (आईएएफ) की महिला अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर मनीषा पाढ़ी को भारतीय सशस्त्र बल में भारत की पहली महिला सहायक-डी-कैंप (एडीसी) के रूप में नियुक्त किया गया है। वायु सेना (आईएएफ) की एक महिला अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर मनीषा पाढ़ी को भारतीय सशस्त्र बल में भारत की पहली महिला सहायक-डी-कैंप (एडीसी) के रूप में नियुक्त किया गया है। इसी के साथ मनीषा पाढ़ी देश की पहली महिला एडीसी बन गई हैं। स्क्वाड्रन लीडर मनीषा पाढ़ी को बुधवार को मिजोरम के राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति ने एड-डी-कैंप (एडीसी) नियुक्त किया। इस मौके पर मिजोरम के राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति ने कहा, उनकी नियुक्ति महज एक मील का पत्थर नहीं है, बल्कि यह उन महिलाओं की उल्लेखनीय क्षमताओं के प्रमाण के रूप में कार्य करता है जो लैंगिक मानदंडों को चुनौती देती हैं और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करती हैं। उन्होंने कहा, आइए हम इस असाधारण उपलब्धि का जश्न मनाएं और सभी क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना जारी रखें। मूल रूप से ओड़िशा की रहने वाली स्क्वाड्रन लीडर मनीषा पाढ़ी बिदर, पुणे और बठिंडा में वायु सेना स्टेशनों पर काम कर चुकी हैं।

### गैंगरेप के तीन आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**हाथरस।** हाथरस में सादाबाद कस्बे के मोहल्ला पोखर वाला में दलित किशोरी के साथ हुए गैंगरेप के मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इससे पहले पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण भी कराया गया। 23 नवंबर को घर में अकेली किशोरी के साथ बेहोश कर गैंगरेप किया गया था। इस मामले में पीड़िता की मां ने सभासद सहित तीन के खिलाफ अभियुक्त पंजीकृत कराया था। पुलिस व स्पेशल टीम ने दो आरोपियों को 29 नवंबर को ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि फरार एक अन्य आरोपी को भी 30 नवंबर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## ट्रिपल इंजन सरकार के मुख्य गेट पर अतिक्रमण,जिम्मेदार बने मूकदर्शक



द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला

**बिलग्राम।** बिलग्राम कस्बे में जब से देश की जानी पहचानी भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन सरकार बनी है। तब से लेकर आज तक चर्चा में बनी हुई हैं आपको बता दें सूबे के मुखिया के दिशा निर्देशों की बिलग्राम कस्बे में उन्ही की पार्टी ट्रिपल इंजन सरकार जमकर धज्जियां उड़ाने में लगी हुई हैं आपको बता दें कि सूबे के मुखिया सहित जिले के अधिकारियों द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाए जाने हेतु अभियान चलाने हेतु संबंधित को दिशा निर्देशों के वाबजूद बिलग्राम कस्बे की ट्रिपल इंजन सरकार अपने नगर पालिका के मुख्य गेट का अतिक्रमण नहीं हटवा पा रही है। सूत्र बताते हैं कि कस्बे की ट्रिपल इंजन सरकार का मुख्य गेट तो वाहन स्टैण्ड बना हुआ हैं। और कस्बे की ट्रिपल इंजन सरकार की मूक दर्शिता को देखते हुए बीते दिनों पुलिस बल द्वारा अतिक्रमण हटवाया गया था। अब सोचने वाली बात यह है कि क्या बिलग्राम कस्बे ट्रिपल इंजन सरकार अतिक्रमणकारियों के आगे नतमस्तक है या फिर कोई अन्य बात है जिसको लेकर ट्रिपल इंजन सरकार लगातार घिरती हुई नजर आ रही है.?? वैसे नगर पालिका द्वारा स्थाई अतिक्रमण करने वालो के विरुद्ध एक वाद उपजिला मजिस्ट्रेट बिलग्राम की अदालत में विचाराधीन हैं। लेकिन सूत्र बताते हैं कि जब पालिका की ट्रिपल इंजन सरकार द्वारा अपने गेट से वाहन स्टैण्ड और आसपास का अतिक्रमण नहीं हटवा पाएंगे तो क्या स्थाई कभी हट पाएगा।

## डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में दिव्यांग छात्रों को पीटने का आरोप,हंगामा



द अचीवर टाइम्स आनंद पांडे

**लखनऊ।** डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के पुरुष छात्रावास में समस्याओं को लेकर लगातार तीसरे दिन गुरुवार को भी दिव्यांग छात्रों का प्रदर्शन जारी है। छात्रों का आरोप है कि गेट पर खड़े दिव्यांग छात्रों को हटाने के लिए बी.काम एल.एल.बी के छात्रों ने उन्हें मारा पीटा। इस घटना में दो छात्राओं को चोट लगी है जिसमें एक छात्रा को गंभीर अवस्था में ट्रामा सेंटर ले जाया गया।

हॉस्टल में पीने का गंदा पानी आने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर दिव्यांग छात्र सोमवार से प्रदर्शन कर रहे है उनकी ज्यादातर मांगों पर सहमत भी बन गई है लेकिन वह सभी प्राक्टर को हटाने की मांग पर अड़े हैं गुरुवार को छात्रों ने फिर से दोनों गेट पर ताला डालकर विरोध शुरू कर दिया इसके बाद प्रदर्शन कर रहे छात्रों के अनुसार बीकॉम एलएलबी के छात्रों ने उन्हें मारा पीटा जिससे दो छात्राओ को चोट भी आ गई गेट का ताला तोड़ दिया गया गुस्साए दिव्यांग छात्र फिर एकजुट होकर गेट पर प्रदर्शन करने लगे मौके पर पुलिस प्रशासन भी पहुंच गया है। बता दें कि दिव्यांग छात्रो का आरोप है कि कॉलेज के प्रोफ़ेसर के कहने पर एलएलबी के छात्रो ने दिव्यांग छात्रो को बुरी तरह मारा पीटा है जिसमें पूजा गौड़ नाम की एक छात्रा बुरी तरह घायल हो गई है दिव्यांग छात्रो ने बताया मारपीट करने वाले लोगो के नाम प्रणव, आशुतोष, हर्षवर्धन,गौरव है वहीं घायल छात्रा को कॉलेज प्रशासन ने आननफ़ानन में छात्र को इलाज के लिए भेजा वही दिव्यांग छात्रो का कहना की जब तक उनकी माँगे पूरी नहीं होंगी तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

**ये है मांगे**

हॉस्टल में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं। दृष्टिबाधित छात्रों को पढ़ने के लिए सामग्री की व्यवस्था की जाए। कंप्यूटर उपलब्ध कराए जाएं।छात्रावास की मरम्मत कराई जाए लाइब्रेरी में दिव्यांग जनों के लिए कोर्स से संबंधित पुस्तकों और रिकॉर्डिंग की व्यवस्था की जाए तथा प्राक्टर को पत्र हटाया जाए।

## महिला अस्पताल की एसएनसीयू में सात दिन तक नहीं भर्ती होंगे नवजात



एजेंसी

**बरेली।** बरेली के महिला अस्पताल स्थित एमसीएच विंग में मंगलवार को शॉर्ट सर्किट से आग लगने के बाद सुरक्षा के सभी इंतजाम पूरे होने तक एसएनसीयू (स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट) में नवजात भर्ती नहीं किए जाएंगे। उन्हें तब तक बदायूं मेडिकल कॉलेज रेफर किया जाएगा। बृहस्पतिवार को जन्मे बच्चे सामान्य रहे। कोई रेफर नहीं हुआ है। बृहस्पतिवार को महिला अस्पताल में चिकित्सा सेवाएं सामान्य रही। करीब 310 पर्चे बने और पैथोलॉजी यूनिट में भी 70 से ज्यादा जांच हुईं। बच्चों को टीका लगवाने के लिए भी परिजन पहुंचते रहे। सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद के मुताबिक अचानक हुए हादसे के बाद ओपीडी, इमरजेंसी, सिजेरियन डिलीवरी संबंधी सेवाएं प्रभावित हुई थी। अब अस्पताल स्टाफ और डॉक्टरों में कोई घबराहट नहीं है। सामान्य प्रसव कराए जा रहे हैं। बताया कि डीएम के निर्देशानुसार ओपीडी में डॉक्टरों का ड्यूटी चार्ट चस्पा कर दिया गया। एक ही रजिस्टर में डॉक्टरों की हाजिरी लग रही है।

**ताकि भविष्य में किसी हादसे की आशंका न रहे**

सीएमएस के मुताबिक एसएनसीयू में वायरिंग का एमसीबी पैनल से सुचारू कनेक्शन नहीं था। अचानक बिजली कटौती पर यूनिट में आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं है। मंगलवार रात वायरिंग की मरम्मत के बाद मुख्य पैनल से बिजली आपूर्ति शुरू हुई थी। अब सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के बाद ही एसएनसीयू का संचालन किए जाने का निर्णय लिया गया है। ताकि आगे हादसे की आशंका न रहे।

## लोकसभा चुनाव अकेले दम पर लड़ने का फैसला अटल:मायावती

एजेंसी



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी और उत्तराखंड के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने लोकसभा चुनाव के बहुकोणीय होने के आसार जताए और कहा कि किसी भी पार्टी का वर्चस्व नहीं रहेगा।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि लोकसभा आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर लड़ने का उनका फैसला अटल है। चुनाव में किसी एक पार्टी का वर्चस्व नहीं रहेगा और मुकाबला बहुकोणीय होगा। जनता भी इसके लिए अपना मन बना चुकी है। बसपा सुप्रीमो बृहस्पतिवार को यूपी और उत्तराखंड के पार्टी पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों के साथ चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रही थीं। पार्टी प्रदेश मुख्यालय में आयोजित विशेष बैठक में पार्टी के कार्यक्रमों, उसकी तैयारियों, कैडर बैठकों तथा उम्मीदवारों के चयन आदि की समीक्षा भी हुई। उन्होंने कहा कि केन्द्र व यूपी सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं कार्यप्रणाली आदि के कारण तेजी से बदल रहे हालात में किसी एक पार्टी का वर्चस्व नहीं होकर बहुकोणीय संघर्ष का रास्ता चुनने को लोग आतुर लग रहे हैं। ऐसे में लोकसभा का अगला आमचुनाव दिलचस्प, संघर्षपूर्ण और व्यापक जनहित व देशहित में साबित होने की प्रबल संभावना है जिसमें बसपा की अहम भूमिका रहेगी। थोड़े अच्छे दिन को तरसते यूपी के लगभग 25 करोड़ लोगों के जीवन में छाई गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन व पलायन आदि के दुःख-दर्द भरा जीवन का क्रम भाजपा के शासनकाल में भी लगातार जारी है। बीते वर्षों में यह हालात बेहतर होने के बजाय बिगड़े हैं। पदाधिकारियों से ली रिपोर्ट- इससे पहले उन्होंने पिछली बैठक में दिये गये दिशा-निर्देशों पर जमीनी स्तर पर होने वाले अमल की जिला व मण्डलवार समीक्षा रिपोर्ट ली। साथ ही कमियों को दूर करके आगे बढ़ने के लिये नये दिशा-निर्देश दिये। पार्टी संगठन तथा सदस्यता आदि की जिम्मेदारी की सख्त हिदायत देते आगामी संसदीय चुनाव के लिए बेहतर कैडर व्यवस्था के आधार पर युवा मिशनरी लोग भी तैयार करने का अपना निर्देश दोहराया। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद अब लोकसभा के लिये फिर से यहां माहौल काफी गरमाने लगा है तथा सरगर्मियां शुरू हो गयी हैं।

## प्रदेश में शराब बंदी नहीं करेगी सरकार

एजेंसी



**लखनऊ।** आबकारी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में शराबबंदी नहीं की जाएगी। शराबबंदी करने से प्रदेश में अवैध शराब की तस्करी बढ़ेगी और राजस्व कम मिलने से विकास योजनाएं प्रभावित होंगी। विधानसभा में सपा विधायक स्वामी ओमवेश और अभय सिंह ने शराबबंदी का मुद्दा उठाया। स्वामी ओमवेश ने कहा कि प्रदेश में शराब बिक्री के लिए आधार कार्ड अनिवार्य किया जाना चाहिए। ताकि युवाओं को शराब नहीं मिले। आबकारी मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के अधिनियम के अनुसार आधार कार्ड केवल उन्हीं सेवाओं में अनिवार्य किया जा सकता है जिसमें सरकार सब्सिडी या सुविधाएं देती है। हालांकि सरकार यह सुनिश्चित करती है कि 21 वर्ष से कम आयु के युवाओं को शराब नहीं बेची जाए। सपा विधायक अभय सिंह ने लखनऊ की समिट बिल्डिंग में संचालित बार में नाबालिग युवक युवतियों को शराब पिलाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि राजधानी में आबकारी विभाग की अनदेखी के कारण मर्यादा शर्मशार हो रही है। उन्होंने विधायकों की एक कमेटी बनाकर समिट बिल्डिंग का निरीक्षण कराने का मुद्दा भी उठाया। आबकारी मंत्री ने कहा कि शराब की बिक्री से मिलने वाले राजस्व का उपयोग सरकार विकास योजनाओं पर करती है। शराबबंदी करने से उपभोक्ताओं को निर्धारिक मानक के अनुरूप मदिरा उपलब्ध नहीं हो सकेगी। इससे शराब की तस्करी बढ़ेगी। आबकारी मंत्री ने आरोप लगाया कि सपा सरकार के समय शराब माफिया नीतियां बनाते थे और सरकार चलाते थे। लेकिन योगी सरकार 2.0 में अवैध शराब से एक भी मौत नहीं हुई है।

**बाबा के नाम से डेंगू भी भाग गया**

अध्यक्ष जी..मेरे एक दिन डेंगू का बुखार आ गया था..मेरे प्यारे मुख्यमंत्री जिनसे मेरा स्टाफ का मामला है, उन्हें जब पता चला तो उन्होंने सुबह आठ बजे मुझे टेलीफोन करके मेरा हाल चाल पूछा और कहा कि इतने विशालकाय शरीर में एक मच्छर ने असर दिखा दिया। मुख्यमंत्री के पूछने का इतना असर हुआ कि डेंगू छु मंतर हो गया। डेंगू ने सोचा भागो ऐसा न हो कि बाबा का बुलडोजर मुझे भी रौंद दें। चांदपुर विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक स्वामी ओमवेश ने बृहस्पतिवार को सदन में जब यह बात कही तो पूरा सदन ठहाकों से गूंज उठा। स्वामी ओमवेश ने अपने चिरपरिचत अंदाज में मुक्त कंठ से सीएम योगी, लोक निर्माण मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की प्रशंसा की तो सदन में सालों के बाद इतने ठहाके गूंजे।

**तो साबित हो गया कि मंत्री जी झूठ नहीं बोलते**

स्वामी ओमवेश ने कहा कि लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने सदन में किए वादे के मुताबिक चांदपुर से मानपुर अहरौला सड़क स्वीकृत करने से साबित हो गया है कि वह झूठ नहीं बोलते।

**मेरे नहीं मंत्री जी के बटर लगाओ**

स्वामी ओमवेश ने विधानसभा अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना महान ही नहीं दयालु भी हैं। उन्होंने महर्षि दयानंद सरस्वती की तस्वीर लगाने का आश्वासन भी दिया है इसलिए उनकी भूरि भूरि प्रशंसा करता हूं। इस पर महाना ने कहा कि आप मुझे बटर मत लगाइये, मंत्री जी के बटर लगाइये ताकि आपका काम हो और आपके प्रश्नों का अच्छा जवाब आए।

**गेहूं और धान की एमएसपी बढ़ाए सरकार**

समाजवादी पार्टी ने विधानसभा में गेहूं और धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग की है। गेहूं का समर्थन मूल्य 3500 और धान का समर्थन मूल्य 2800 रुपये करने की मांग उठाई। इस पर सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा विधायकों ने सदन का बहिर्गमन किया। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सपा विधायक मनोज कुमार पांडे ने गेहूं और धान की एमएसपी बढ़ाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि किसानों का फसल की लागत भी नहीं मिनले के कारण उनका जीवन दुभर हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि फसलो सही दाम नहीं मिनले के कारण किसान आत्महत्या करने को मजबूर है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के शासन में कृषि की विकास 7.5 प्रतिशत से घटकर 6.8 प्रतिशत रह गई है। सवाल के जवाब में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि सपा शासन में 2014-15 में कृषि विकास दर 3.3 प्रतिशत थी। सपा सरकार में मनोज पांडेय और शिवपाल यादव के कृषि मंत्री रहते कृषि दर कम हुई थी।

# बिजली बिल के बकायदारों को 100 प्रतिशत छूट पर जमा होने पर ग्रामीणों के चेहरों पर दौड़ी खुशी की लहर

द अचीवर टाईमस संवाददाता - महेन्द्र कुमार






**हसनगंज (उन्नाव)।** हसनगंज पावर हाउस के अंतर्गत ग्रामीणों को हसनगंज जी ने ओ.टी.एस योजना के बारे में गांव-गांव जाकर उपभोक्ताओं को किया जागरूक साथ ही एक मुश्क्त ओ.टी.एस. समाधान में करीब एक 352 से अधिक उपभोक्ता पहुंचे जिसमें 316 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन करवा कर बिल में लगे सरचार्ज को हटाकर योजना का लाभ उठाया करीब 35 लाख से अधिक रुपए हुए जमा। ब्याज माफी योजना लाभ के तहत विद्युत भार के घरेलू वाणिज्य निजी स्थान निजी नलकूप औद्योगिक उपभोक्ताओं को सर चार्ज राशि पर अधिकतम 100त्र की छूट का लाभ मिला। हसनगंज पावर हाउस में टी.जी.टू पद पर तैनात विनय से मिली जानकारी के अनुसार 352 से अधिक उपभोक्ताओं पहुंचे जिसमें 316 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण करा कर इस योजना का लाभ लिया साथ ही हसनगंज जी नीरज कुमार पाल व मोहन जी दिव्यांशु ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि बिजली का बिल बकायदाओं का ब्याज माफी योजना के तहत लाभ उठाने की जरूरत है उन्होंने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को सरकार के द्वारा यह बेहतर अवसर प्रदान किया गया है जिसका लाभ बिजली बल के सभी बकायदारों को उठाना चाहिए उन्होंने कहा कि निर्धारित समय के अंदर ब्याज माफी योजना का लाभ उठाने की आवश्यकता है इस दौरान मौके पर नीरज कुमार पाल, दिब्यांशू, टी.जी.टू नेमपाल, अमित, अंकित ,समेत संविदा कर्मी रंजीत कुमार शर्मा, जीतेन्द्र सिंह, सी.एस.सी.चालक मोहित, संविदा कर्मी अन्तिम अरुण यादव रहे मौजूद।

**✦हसनगंज पावर हाऊस जेई नीरज कुमार पाल व मोहान जेई दिब्यांशू की सूझ-बूझ से करीब 50 फीसदी जमा हुआ बिजली का बिल।**

**✦जेई हसनगंज नीरज कुमार पाल व मोहान जेई दिब्यांशू ने चलाया था जनजागरुक्ता अभियान गांव-गांव जाकर दी थी उपभोक्ताओं को जानकारी।**

**✦उपभोक्ताओं को ब्याज माफी योजना के माध्यम से 100 प्रतिशत मिला लाभ दिसम्बर माह में ब्याज माफी प्रतिशत घटेंगी दरें ।**

## सरसों तेल की झांझ के स्तर को लेकर उपभोक्ताओं में जानकारी का अभाव

# सरसों के तेल में झांझ के प्रति जागरूकता सर्वेक्षण का खुलासा

द अचीवर टाइम्स संवाददाता




**लखनऊ।** उत्तर और पूर्वी भारत में सरसों तेल उपयोगकर्ताओं के बीच एनएफएक्स डिजिटल द्वारा सरसों के तेल का झांझ जागरूकता सर्वेक्षण 2023 – झांझ की जांच पर किये गये स्वतंत्र सर्वेक्षण की रिपोर्ट में उपभोक्ताओं के बीच सरसों के तेल की प्राथमिक विशेषता झांझ के स्तर के बारे में जानकारी का अभाव पाया गया है। आश्चर्यजनक रूप से 85 प्रतिशत उत्तरदाता अपने खाने में नियमित रूप से शामिल होने के बावजूद सरसों के तेल के सबसे महत्वपूर्ण लाभ झांझ के स्तर से अनजान थे। इस सर्वेक्षण के निष्कर्षों के आधार पर और सरसों के तेल के बारे में सही जानकारी दे कर उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के इरादे से, इमामी एग्रोटेक लिमिटेड ने तीन अलग-अलग झांझ स्तरों के अनूठे चयन में अपना इमामी हेल्दी एंड टेस्टी कच्ची घानी मस्टर्ड आयल माइल्ड, स्ट्रांग, और सुपर स्ट्रांग पेश किया गया है। व्यक्तिगत स्वाद के अनुरूप यह अभिनव अवधारणा, सरसों के तेल के परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। यह पहली बार है कि कोई खाद्य तेल ब्रांड इस तरह की जानकारी दे रहा है। एनएफएक्स डिजिटल द्वारा किए गए सर्वेक्षण का उद्देश्य सरसों के तेल के झांझ के स्तर के बारे में जागरूकता, धारणाओं और प्राथमिकताओं में अंतर्दृष्टि प्राप्त करना है। सर्वेक्षण से पता चला कि उपभोक्ता विशिष्ट स्वाद और सुगंध के लिए सरसों के तेल की खपत का प्राथमिक कारण झांझ मानते हैं। उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया कि सरसों के तेल में झांझ एक बेहतर स्वाद और सुगंध प्रदान करता है, जिससे यह उनके खाना पकाने का एक अनिवार्य घटक बन जाता है। उल्लेखनीय रूप से 75 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं ने सरसों के तेल में झांझ के स्तर के बारे में जानने में गहरी रुचि व्यक्त की। इसके अतिरिक्त, सर्वेक्षण से पता चला है कि 91 प्रतिशत उपयोगकर्ता सरसों के तेल के ऐसे ब्रांड को आज़माने की 'अधिकाधिक संभावना' रखते हैं जो पैकेजिंग पर इसके झांझ के स्तर के बारे में स्पष्ट जानकारी प्रदान करता है, जो खरीदारी के बारे में सोच-समझकर निर्णय लेने के लिए पारदर्शिता की तीव्र इच्छा को दर्शाता है। सर्वेक्षण के निष्कर्षों और एक नए उत्पाद को लॉन्च करने की आवश्यकता पर टिप्पणी करते हुए देबासिस भट्टाचार्य, प्रेसिडेंट, मार्केटिंग, इमामी एग्रोटेक लिमिटेड ने कहा इमामी एग्रोटेक में, हम न कि सिर्फ उत्पाद की गुणवत्ता, बल्कि अपने उपभोक्ताओं को पारदर्शिता और ईमानदारी प्रदान करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। इसलिए, सरसों तेल जागरूकता 'झांझ की जांच सर्वेक्षण' ने हमारे उपभोक्ताओं को सम्मान देने और उन्हें जानने के अधिकार' के साथ सशक्त बनाने का सही अवसर प्रस्तुत किया है। ताकि वे सरसों के तेल की अपनी पसंद के बारे में सही विकल्प चुन सकें। जो उनकी रसोई में सबसे आवश्यक सामग्रियों में से एक है। हमें उम्मीद है कि 'इमामी हेल्दी एंड टेस्टी कच्ची घानी मस्टर्ड ऑयल' अपने तीन अलग-अलग झांझ के स्तर के साथ हमारे उपभोक्ताओं को झांझ के अपने पसंदीदा स्तर का चयन करने की स्वतंत्रता प्रदान करेगा। प्रत्येक वैरिएंट पर 'झांझ' प्रतिशत लेबल के साथ, इमामी हेल्दी एंड टेस्टी कच्ची घानी मस्टर्ड ऑयल झांझ के स्तर के अनुसार 1-लीटर पाउच के लिए 155 रुपये से 180 रुपये तक की कीमतों पर उपलब्ध है और दिसंबर 2023 से बंगाल, यूपी, बिहार और झारखंड आदि जैसे प्रमुख बाजारों में उपलब्ध होगा।

## एक नज़र

### दो पक्षो में चले लाठी डंडे कई घायल, शान्ति भंग में चार लोगो के चालान

मुकेश राजपूत

**उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र के अंतर्गत अलग अलग मामले में हुए विवाद पर पुलिस ने चार लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया है । पुलिस मामले की जांच कर रही है । थाना क्षेत्र के इसुनिया के मजरा बाबाखेडा गांव में रास्ते में सटरिंग गिराने से दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले । मारपीट में दो लोग घायल हो गए। पुलिस दोनों ओर से एनसीआर दर्ज कर एक पक्ष से मंगल और दूसरे पक्ष से शिवबालक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं माखी के मजरा अकबरपुर निवासी विजयकुमार पुत्र रामप्रसाद शराब के नशे में अभद्रता कर रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। आजाद नगर निवासी छोटेलाल पुत्र बाबूलाल ने अपने परिवार में विवाद कर दिया। थाना प्रभारी वीरबहादुर सिंह ने बताया कि चारों को गिरफ्तार कर शांति व्यवस्था के द्रष्टि गत शांति भंग में चालान कर दिया है । मामले की जांच की जा रही है।

### उपजिलाअधिकारी को सौपा गया ज्ञापन

द अचीवर टाइम्स अभिषेक राजपूत



**हरदोई ।** तीन दिवसीय किसान मजदूर महादक इको गार्डन राज्यपाल राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन सौंपने वाले भारतीय किसान मजदूर जन सेवा यूनियन संयुक्त किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश इंटक एकट एच एम एस सीआईटीयू ए आई यूटी यूसी ए आई सीसी टीयू टीयू सीसी शिव औद्योगिक सेवा प्रतिष्ठानों के स्वतंत्र मोडेसन असोसियन आदिज्ञान सौपने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज कुमार राष्ट्रीय महामंत्री अमर सिंह राष्ट्रीय सचिव अभिषेक यादव राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश कुमार लोधी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप कुमार युवा जिला अध्यक्ष लव कुश कुमार युवा जिला मंत्री अमित कुमार युवा तहसील अध्यक्ष खुशीराम युवा ब्लॉक अध्यक्ष लालू युवा जिला उपाध्यक्ष अमर सिंह यादव आज लोग मौजूद रहे ।

### कोर्ट के आदेश पर दो नामजद समेत चार पर लूट दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

दअचीवर टाइम्स रमेश चंद्र




**लखीमपुर खीरी फरधान।** कोतवाली एवं नगर गोला निवासी एक व्यक्ति ने विशेष सत्र न्यायाधीश के आदेश पर लूट, दलित उत्पीड़न सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। गोला के मोहल्ला ऊंची भूड़ निवासी विनोद कुमार ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कारण मुकदमे में कहा है कि 4 सितंबर की शाम व लखीमपुर कचहरी से अपने मित्र के साथ गोला जा रहा था। तभी फरधान रेलवे क्रॉसिंग से पहले कैमहरा चौराहे के पास नीची भूड़ निवासी गुड्डू वारसी, नबी उल्ला ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ पुरानी रंजिश के चलते रोक लिया। जाति सूचक गाली गलौज करते हुए लात घूसों, बेल्टों से मारा पीटा और नाजायज असलहे से जान से मारने का प्रयास किया और जेब में रखें 1350 रुपए जबरन छीन लिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ लूट, दलित उत्पीड़न सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अवैध असलहा समेत एक शातिर युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार मुकदमा दर्जकर भेजा जेल

द अचीवर टाइम्स रमेश चंद्र

**लखीमपुर खीरी।** थाना फरधान पुलिस ने एक अदद अवैध तमंचा व कारतूस समेत युवक को किया गिरफ्तार। गिरफ्त अभियुक्त गन्ठे उर्फ रहीश पर नाजायज असलहा रखने के आरोप में मुकदमा किया दर्ज। अभियुक्त को भेजा गया जेल। पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण, परिवहन/बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु चलाया गया। चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना फरधान पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त को 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ रौसा तालाब के पास बह्दग्राम रौसा थाना फरधान से गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बंध मे थाना फरधान पर मु0अ0सं0 548/2023 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। अभियुक्त पूर्व में भी गोवध एवं गैंगस्टर एक्ट में जेल जा चुका है। अभियुक्त को मा0 न्यायालय पेशी हेतु भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

उ0नि0 राजेन्द्र कुमार यादव, का0 विशाल त्यागी , कामेश राठौर।

### बच्चों ने ट्रैफिक नियमों के प्रति किया जागरूक

**बाराबंकी।** यातायात जागरुकता माह का समापन बृहस्पतिवार को शहर में जागरूकता रैली के साथ किया गया। रैली में शामिल हुए विभिन्न स्कूल-कॉलेजों के बच्चे सड़कों पर गुजरने वाले वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के प्रति जागरुक करते हुए निकले। पुलिस लाइन में सभी को नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

# सीडीओ की अध्यक्षता में हुई जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक

**❖ विद्यालयों में अच्छी उपस्थिति व अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया जाए-सीडीओ।**

हिमांशु त्रिपाठी (द अचीवर टाइम्स)



**हरदोई।** विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मिशन कायाकल्प के अंतर्गत शेष मानकों के संतृप्तीकरण के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं। निपुण विद्यालय के लिए लक्ष्य के अनुरूप कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित किया जाए। विद्यालयों में अच्छी उपस्थिति व अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया जाए। बच्चों की दैनिक उपस्थित को पोर्टल पर सूचना ससमय पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि खण्ड शिक्षा अधिकारी शिक्षा में सुधार के लिए अपने सुझाव भी दिया करें, ताकि शिक्षा के स्तर में अधिक सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर हॉट कुक्ड मील की निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार आदि सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक

द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला




**हरदोई।** विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मिशन कायाकल्प के अंतर्गत शेष मानकों के संतृप्तीकरण के लिए गंभीरता से प्रयास किये जायें। निपुण विद्यालय के लिए लक्ष्य के अनुरूप कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित किया जाए। विद्यालयों में अच्छी उपस्थिति व अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया जाए। बच्चों की दैनिक उपस्थित की पोर्टल पर सूचना ससमय पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि खण्ड शिक्षा अधिकारी शिक्षा में सुधार के लिए अपने सुझाव भी दिया करें ताकि शिक्षा के स्तर में अधिक सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर हॉट कुक्ड मील की निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण में कई पर गिरी गाज



हिमांशु त्रिपाठी (द अचीवर टाइम्स)

**हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला विकास कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, जिला दिव्यांग सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय एवं जिला ग्राम्य विकास अभिकरण हरदोई का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जो कर्मचारी अनियमित रूप से अनुपस्थित पाये गये, उनमें मोहित दुबे कनिष्ठ सहायक जिला विकास कार्यालय, रचना सहगल पत्रवाहक, जिला विकास कार्यालय, सुखेन्द्र पाल सिंह वरिष्ठ सहायक, जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, मुकेश कुमार वरिष्ठ सहायक, जिला दिव्यांग सशक्तीकरण अधिकारी सरफराज अली, जिला मिशन प्रबन्धक एन0आर0एल0एम0 आदि शामिल हैं। ये सभी कर्मचारी कार्यालय से बिना अवकाश स्वीकृत कराये अथवा कार्यालयाध्यक्ष की अनुमति लिए बिना अनुपस्थित पाये गये। संबंधित कार्यालयाध्यक्ष को आदेशित किया गया है कि अनुपस्थित पाए गए सभी कर्मचारियों का स्पष्टीकरण प्राप्त कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करें। इसके साथ ही CDO ने एक दिन का वेतन भी वाधित किया है।

### जाम से थम रही वाहनों की रफ्तार, जिम्मेदार बेबस

**बाराबंकी।** शहर की सड़कों पर लगने वाला जाम अब लाइलाज बीमारी बन गया है। क्योंकि जाम को थामने के लिए बीते तीन साल में बने करीब आधा दर्जन प्लान कागजों तक ही सीमित रह गए। जाम ऐसा लग रहा है कि लोगों को बाजार जाना और बच्चों का स्कूल पहुंचना मुश्किल है। हालत यह हैं कि शहर की सड़कों से रोजाना गुजरने वाले एक लाख वाहनों को लेकर मात्र 12 यातायात कर्मी ही हैं। बाजारों में तो आज तक कोई व्यवस्था ही नहीं है। करीब साढ़े तीन लाख की आबादी वाले बाराबंकी शहर में रोजाना 20 से 25 हजार लोग बाहर से आते हैं। जाम से मुक्ति के लिए करीब 14 साल पहले शहर के बाहर करीब 12 किमी लंबा बाईपास बनाया गया था। शहर की शुरुआत लखनऊ की तरफ से असेनी मोड़ से होती है और रामनगर तिराहे पर समाप्त होती है। शहर के बीचोबीच से गुजरे करीब चार किमी लंबे लखनऊ-अयोध्या हाईवे को पार करने में वाहनों को अक्सर 40 से 50 मिनट लग जाते है।

# जिम्मेदारों की लापरवाही से तड़प-तड़प कर मर रहे गोवंश, जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग



हिमांशु त्रिपाठी (द अचीवर टाइम्स)

**हरदोई।** जहां एक ओर सूबे की सरकार गौरक्षा की बात करती है और प्रदेश में निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश की समस्या से मुक्ति दिलाने एवं निराश्रित गोवंश के संरक्षण में पशुधन विभाग द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर हरदोई जिले की विकास खंड अहिरोरी के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोंडाराव में स्थित गोआश्रय स्थल में बदइंतजामी व्याप्त है। यहां पर ज़िम्मेदार अधिकारियों के द्वारा घोर लापरवाही बरती जा रही है। ग्रामीणों अमरीश कुमार, सोमित कुमार, राधाकृष्ण, सालिक राम, रामकिशोर आदि ने बताया कि कई गोवंश मरने के कगार पर हैं जिनको कौवे नोच रहे थे। तथा कई पहले ही मर चुके हैं, जिन्हें वहीं गड्ढा खोदकर दफन कर दिया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि गौशाला में चारा की कोई व्यवस्था नहीं है, इसलिए भूख प्यास से गोवंश कमजोर होकर मर जाते हैं। ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी आदि पूरी लापरवाही बरत रहे हैं। ग्रामीणों ने जिम्मेदारों पर कठोर कार्यवाही तथा गोवंशों की उचित व्यवस्था कराने की मांग की है।

# प्राइवेट स्कूल के संस्थापक का रंगरेलियां मनाते वीडियो वायरल जांच में जुटी पुलिस



हिमांशु त्रिपाठी (द अचीवर टाइम्स)

**हरदोई।** सोशल मीडिया पर बुधवार को एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें एक निजी स्कूल के संस्थापक व महिला को एक साथ बिस्तर पर अश्लील हरकतें करते हुए पकड़ने पर ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर दी, जिससे संस्थापक खून से लथपथ हो गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। आपको बता दें कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का वीडियो बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में एक युवक बेड पर बैठा हुआ दिखाई दे रहा है, जो मल्लावां क्षेत्र के एक निजी स्कूल का संस्थापक बताया जा रहा है। उसके चेहरे से खून बह रहा है, वहीं पास में खड़े लोग उसे गालियां भी दे रहे हैं। पीटने की बात भी कह रहे हैं। यह सब वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है और सुनाई भी दे रहा है। वायरल वीडियो रविवार का बताया जा रहा है। हालांकि इसमें अभी तक पीड़ित पक्ष से कोई तहरीर नहीं दी गई है फिर भी कोतवाल शेषनाथ सिंह का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## थाना रोजा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

# थाना रोजा पुलिस द्वारा हत्या के आरोपी वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार व आला कत्ल बरामद



द अचीवर टाइम्स फसाद खान

**शाहजहांपुर ।** पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर अशोक कुमार मीणा के कुशल निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर सुधीर जायसवाल व अमित कुमार चौरसिया क्षेत्राधिकार सदर के पर्यवेक्षण में दिनांक 28 11 2023 को ग्राम सिसौआ में हुई दहेज हत्या की घटना के संबंध थाना रोजा पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 756 / 2023 धारा 498 ए 304 बी 3 /4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में वांछित अभियुक्त उमेश गुप्ता पुत्र सियाराम गुप्ता उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम सिस हुआ थाना रोजा जनपद शाहजहांपुर को दिनांक 30 11 2013 को समय 12–00 बजे अत्सलिया पुल से गिरफ्तार किया गया वह घटना में प्रयुक्त आला कत्ल एक साड़ी नारंगी रंग की व प्लास्टिक की रस्सी बरामद किया गया अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण- प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार उप निरीक्षक जुगल किशोर कांस्टेबल 2538 नितिन सोलंकी।

# डिप्टी सीएम ने जिला क्षय रोग अधिकारी को रजत पदक से किया सम्मानित



संवाददाता

**उरई, जालौन ।** क्षय उन्मूलन को लेकर चलाए जा रहे अभियान के लिए जिले को रजत पदक मिला है। यह पदक सोमवार को लखनऊ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. डीके भिटौरिया को दिया। लखनऊ में प्रदेश भर के क्षय रोग अधिकारियों को बुलाया गया था। इसमें जिले को रजत पदक से नवाजा गया। जिले को मिले रजत पदक पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनडी शर्मा ने क्षय रोग विभाग की टीम को बधाई दी है और इसे सामूहिक प्रयास का नतीजा बताया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. डीके भिटौरिया नें बताया कि यह पुरस्कार वर्ष 2022 के लिए मिला है। उन्होंने बताया कि जिले को पहले कांस्य पदक के लिए नामित किया गया था लेकिन टीम के सामूहिक प्रयास से जिले को उपलब्धि मिली है और जिले को रजत पदक मिला है। उन्होंने बताया कि जिले में बीस प्रतिशत रोगियों की रोगियों की कमी हुई है। इसके लिए रजत पदक मिला है।

## अनुपूरक बजट में चर्चा के दौरान सदन में हुआ हंगामा

# यूपी केवल हिंदुओं का प्रदेश नहीं: पल्लवी पटेल

लखनऊ। केजीएमयू में हो रहे शिक्षक भर्ती के मामले को लेकर बृहस्पतिवार को भी हंगामा हुआ। विधान परिषद में मौजूद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पूरे मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं।



विधानसभा में कांग्रेस सदस्य आराधना मिश्रा मोना ने अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि इसमें किसानों को राहत देने का इंतजाम नहीं किया गया है। सरकार ने अपने घोषणा पत्र में किसानों को लेकर किये गए वादों को भी पूरा नहीं किया। उन्होंने पुरानी पेंशन स्कीम का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जब अन्य राज्यों ने इसे लागू कर दिया है, तो यूपी में आखिर क्या समस्या आ रही है। कांग्रेस सदस्य ने बढ़ती महंगाई के दृष्टिगत विधायकों का भत्ता बढ़ाने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सदस्य को उसके क्षेत्र में 10-10 किमी की सड़क और सौ-सौ हैंडपंप भी मिलने चाहिए। उन्होंने विधायक निधि पर जीएसटी का मुद्दा भी उठाया। इस पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि ये विषय अनुपूरक बजट से संबंधित नहीं हैं। किसानों को बिजली के बिल में राहत देने के लिए सरकार ने 900 करोड़ रुपये की बजट में व्यवस्था की है। प्रदेश सरकार बदायूं, गोरखपुर, बहराइच, बाराबंकी में बायो गैस प्लांट भी लगवा रही है।

**सपा के लिए परिवारवाद ही पुख्ता राजनीतिज्ञ होने की परिभाषा - एके शर्मा**

विधानसभा में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सपा सदस्यों द्वारा लगाए गये आरोपों पर पलटवार किया, जिसके बाद सदन में जमकर हंगामा हुआ। उन्होंने कहा कि मैं गांव से संघर्ष करके यहां तक आया हूं। मुझे राजनीति में कच्चा बताने वाले परिवारवाद को ही पुख्ता राजनीतिज्ञ की परिभाषा मानते हैं। उन्होंने बजट में किसानों को लेकर हुई घोषणाओं की जानकारी भी दी।

ऊर्जा मंत्री ने अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि मैंने यूपीएससी की परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। आप संघर्ष करके नहीं आए हैं। जबकि आपके समय में किसको पास करना है, इसे चिन्हित कर दिया जाता था। हाईकोर्ट ने यूपीपीएससी के अध्यक्ष को इसी वजह से बर्खास्त किया था। पीएम मोदी और सीएम योगी ने परिवारवाद को खत्म करने का बीड़ा उठा लिया है। इस पर सपा सदस्य लालजी वर्मा ने कहा कि हम जनता के द्वारा चुनकर आए हैं, जबकि आप कृपा की वजह से आए हैं। उन्होंने कहा कि अनुपूरक बजट पर चर्चा के नियमों के मुताबिक इसे केवल संबंधित मुद्दों पर ही सीमित रहना चाहिए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि अगर कोई दो-चार बात कह देता है तो इसमें कोई गलत नहीं है। हमने तो कभी किसी सदस्य को बोलने से नहीं रोका।

**विधान परिषद में केजीएमयू शिक्षक भर्ती को लेकर हंगामा**

केजीएमयू में हो रहे शिक्षक भर्ती के मामले को लेकर बृहस्पतिवार को भी हंगामा हुआ। विधान परिषद में मौजूद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पूरे मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं।

दरअसल केजीएमयू में शिक्षकों की भर्ती हो रही है। आरोप है कि 12 जुलाई को जारी सामान्य विज्ञापन में आरक्षण नियमों के उलंघन करते हुए ओबीसी को 27 की जगह 12 फीसदी और एससी को 21 की जगह नौ फीसदी आरक्षण दिया जा रहा है। इस मामले को लेकर बुधवार को सपा एमएलसी नरेश उत्तम पटेल ने विधान परिषद में चर्चा की मांग की। जवाब से असंतुष्ट होने पर सदन से बहिर्गमन किया। बृहस्पतिवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एक सवाल के जवाब में मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की खाली सीटों और भर्ती के मामले में जानकारी दे रहे हैं। इस पर सपा एमएलसी नरेश उत्तम पटेल ने फिर केजीएमयू का मामला उठा दिया।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि केजीएमयू मामले में राज्यपाल के आदेश पर जांच शुरू हो गई है। जांच रिपोर्ट के बाद ही भर्ती होगी। इस दौरान एमएलसी मान सिंह यादव ने केजीएमयू, एसजीपीजीआई, कैंसर संस्थान, लोहिया संस्थान आदि में शिक्षकों की भर्ती बैकलॉग और टैब टेक्नीशियनों का मुद्दा उठाया। इसी तरह एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह के सवाल के जवाब में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि केजीएमयू के विभिन्न विभागों एवं कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विज्ञापित पदों के सापेक्ष भर्ती प्रक्रिया जल्द ही पूरी की जाएगी। इसी तरह लोहिया संस्थान में भी नियमित भर्ती के लिए विज्ञापन प्रकाशित करने की कार्यवाही चल रही है।

**निवेश पर श्वेत पत्र लाए सरकार**

कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने विधानसभा में वैश्विक निवेशक सम्मेलन में हुए निवेश करार का मुद्दा उठाया। उन्होंने प्रश्नकाल में सरकार से सवाल किया कि सम्मेलन में कितने के निवेश करार हुए, कितना निवेश हुआ, कितनी कंपनियां स्थापित हुई और कितने लोगों को रोजगार मिला इस पर श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। मोना ने सरकार से सम्मेलन में हुए खर्च का ब्योरा देने की भी मांग रखी। औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि सम्मेलन और उसके बाद तक 26 हजार निवेश करार हुए हैं। यूपी देश-विदेश के उद्यमियों के निवेश का पसंदीदा गंतव्य बना है।

## एक नज़र

### चलती बुलेट पर गन लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, युवक गिरफ्तार



**लखनऊ।** चलती बुलेट पर तमंचा लेकर रील बनाने का युवक का वीडियो वायरल हो गया है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। चलती बुलेट पर तमंचा लहराते हुए एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र स्थित इकाना स्टेडियम के सामने शहीद पथ का बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी के मुताबिक गोमतीनगर इलाके के छोटा भरवारा का अमित राय परिवहन विभाग में संविदा पर काम करता है। उसने रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। छानबीन में पता चला कि अमित ने हाथ में गन लाइटर लेकर चलती बुलेट पर रील बनाई थी। उससे पूछताछ की जा रही है।

### रकम दोगुना करने का दावा कर चूरन वाले नोट थमाने वाला शातिर गिरफ्तार, अब तक सैकड़ों से की ठगी



**लखनऊ।** आठ साल से ठगी करने वाले शातिर को सरोजनीनगर पुलिस ने दबोच लिया है। वह रकम दोगुना करने का वादा करता था और फिर असली करेंसी के बदले नकली नोट पकड़ा देता था। आरोपी के पास से लाखों रुपये बरामद हुए हैं। रकम दोगुना करने का लालच देकर नकली नोट थमाकर ठगी करने वाले शातिर को बुधवार को सरोजनीनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से 2.15 लाख रुपये की नकदी व एक एसयूवी बरामद हुई है। पुलिस की जांच में उसके तीन साथियों के नाम सामने आए हैं। पुलिस उनकी तस्दीक कर रही है। डीसीपी साउथ विनीत जायसवाल ने बताया कि गोंडा निवासी अजीत मौर्या उर्फ रमेश को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसके गिरोह में सूरज, दीपक व राजेश नाम के शख्स शामिल हैं। सूरज सैरपुर इलाके का रहने वाला है, लेकिन वर्तमान में मुंबई में है। गिरोह के सदस्य लोगों को लोगों को रकम दोगुना करने का लालच देकर जाल में फंसाते हैं। जब रकम मिल जाती है तो दोगुना देने के नाम पर गड्डियों में ऊपर असली और बीच में चूरन वाले नोट लगाकर पकड़ा देते हैं और रफूचक्कर हो जाते हैं। आरोपी के पास से नकली नोट भी बरामद हुए हैं।

**सैकड़ों को ठगा, ऐसे देते थे झांसा**

एडीसीपी साउथ शशांक सिंह ने बताया कि अजीत के खिलाफ लखनऊ व गोंडा में करीब एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह पिछले सात-आठ वर्षों से ठगी कर रहा है और सैकड़ों लोगों को शिकार बना चुका है। पूछताछ में अजीत ने बताया कि वह लोगों से कहता था कि हम जो रकम दोगुनी करके देंगे वह नेपाल से लाते हैं और यह बिल्कुल असली है। लोगों का विश्वास जीतने के लिए वह सौ सौ के असली नोट को नेपाल से लाया गया बताकर पकड़ा देते थे। जब बाजार में ये नोट आसानी से चल जाते थे तो उनको लगता था कि अजीत सही कह रहा है। इस पर वह लालच में आकर जब रकम दे देते थे तो वह चूरन वाले नोट गड्डियों में रखकर थमा देता था।

**इस तरह हुआ खुलासा**

उन्नाव के असोहा थाना क्षेत्र के भाऊमऊ गांव निवासी धर्मेंद्र ने धोखाधड़ी की एक एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि सैरपुर निवासी सूरज ने अजीत से मिलवाया था, जिसने रकम दोगुना करने की बात कही थी। बीते रविवार को धर्मेंद्र ने ट्रांसपोर्ट नगर में तीन लाख रुपये अजीत को दिए थे, लेकिन वह रकम लेकर भाग निकला था। इसके बाद धर्मेंद्र ने एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोपी जिस एसयूवी से रकम लेने आया था, उसमें फर्जी नंबर प्लेट लगाई थी। इस मामले की जांच से पूरा खेल उजागर हुआ।

### जीरो फीस पर दाखिले के मुद्दे पर सपा का वाकआउट सरकार ने कहा- गड़बड़ी रोकने के लिए है व्यवस्था

**लखनऊ।** विधानसभा में बृहस्पतिवार को अनुसूचित (एससी) और अनुसूचित जन जाति (एसटी) के छात्रों को स्कूलों में जीरो फीस पर दाखिला देने का मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि शुल्क प्रतिपूर्ति की मौजूदा व्यवस्था में बदलाव करके जीरो फीस पर दाखिला देने की व्यवस्था को लागू किया जाए। इस पर समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा है कि प्रदेश में शुल्क प्रतिपूर्ति में गड़बड़ियों को देखते हुए इसे और पारदर्शी व्यवस्था बनाई जा रही है। वैसे भी जीरो फीस पर दाखिला की व्यवस्था को सपा सरकार में ही समाप्त कर दिया गया था। इसपर सपा सदस्य भड़क गए और सदन से बहिर्गमन कर गए। सपा सदस्य अवधेश प्रसाद ने नियम-56 के तहत यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि प्रदेश में एससी और एसटी के बहुत से ऐसे छात्र हैं जो गरीबी रेखा से नीचे हैं। इसलिए वह फीस जमा करने दाखिला लेने में असमर्थ हैं। इस वजह से ऐसे तमाम छात्र शिक्षा से वंचित रह जा रहे हैं। इसलिए इस वर्ग के छात्रों के लिए जीरो फीस (बिना शुल्क के प्रवेश) पर दाखिला देने की व्यवस्था को लागू किया जाए । सपा के लालजी वर्मा ने कहा कि प्रदेश में 23 प्रतिशत से अधिक एससी व एसटी की आबादी है। इसी अनुपात में इस वर्ग के छात्रों की संख्या है। उन्होंने कहा कि करीब 5 करोड़ की आबादी है जो गरीब है। इसलिए उनके बच्चों को यह सुविधा मिलनी चाहिए, ताकि उन्हे शिक्षा से जोड़ा जा सके। सपा की डॉ. रागिनी सोनकर ने भी अवधेश प्रसाद की इस मांग का समर्थन करते हुए कहा कि जीरो फीस पर दाखिला देने की व्यवस्था समाप्त कर दिए जाने से एससी व एसटी के तमाम छात्र ड्राप आउट हो गए हैं। सपा के तीनों सदस्यों ने सदन में अन्य मुद्दों को स्थगित करके इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग किया।

## शहीद पथ पर एफसीआई कर्मी को तेज रफ्तार वाहन ने रौंदा

संवाददाता

**लखनऊ।** चिनहट इलाके में बृहस्पतिवार की सुबह साढ़े पांच बजे अयोध्या हाईवे जाने वाली रोड पर स्थित आदर्श ढाबे के पास अज्ञात वाहन ने 35 वर्षीय एक युवक को टक्कर मार दी। युवक गाड़ी में फंस गया और काफी दूर तक घसीटता हुआ चला गया।




शादी से घर लौट रहे एफसीआई कर्मी को अज्ञात वाहन ने पीजीआई इलाके में बुधवार देर रात टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। वहीं मड़ियांव इलाके में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। आलमबाग के आजादनगर इलाके में गोंडा एफसीआई में कार्यरत अनुभव (28) रहते थे। बुधवार की रात वो एक मित्र की शादी में शामिल होने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गए हुए थे। वहां से वापस लौटते समय रात 1:30 बजे पीजीआई उतरेठिया के पास शहीद पथ पर उनकी स्कूटी में किसी तेज रफ्तार वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस उनको अपेक्स ट्रामा सेंटर लेकर पहुंची जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके पास से मिले सामान की मदद से पुलिस ने उनकी पहचान कर खबर परिजनों को दी। छानबीन के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अनुभव परिवार का इकलौता बेटा था। इसके अलावा मड़ियांव के भिठौली चौराहे से आईआईएम जाने वाली रोड पर बृहस्पतिवार की सुबह तेज रफ्तार वाहन ने एक 45 वर्षीय युवक को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से शव की पहचान का प्रयास किया पर पहचान नहीं हो सकी। छानबीन के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**अज्ञात वाहन की चपेट में आया युवक, घसीटता हुआ चला गया**

चिनहट इलाके में बृहस्पतिवार की सुबह साढ़े पांच बजे अयोध्या हाईवे जाने वाली रोड पर स्थित आदर्श ढाबे के पास अज्ञात वाहन ने 35 वर्षीय एक युवक को टक्कर मार दी। युवक गाड़ी में फंस गया और काफी दूर तक घसीटता हुआ चला गया। गाड़ी में फंसने की वजह से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। कुछ दूरी पर उसका शव पड़ा मिला। लोगों की सूचना पर पहुंची चिनहट पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से शव की शिनाख्त का प्रयास किया पर पहचान नहीं हो सकी। छानबीन के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से गाड़ी के बारे में पता लगा रही है।

## राममंदिर के उद्घाटन पर आयोजित रामलीला में पाकिस्तानी कलाकार भी होंगे शामिल



संवाददाता

**लखनऊ।** हर साल दशहरा पर आयोजित होने वाली रामलीला इस बार राममंदिर उद्घाटन के मौके पर भी होगी। जिसमें पाकिस्तान समेत 14 देशों के कलाकार शामिल होंगे।

फिल्मी कलाकारों की रामलीला इस बार नए कलेवर में नजर आएगी। रामलीला में पाकिस्तान समेत 14 देशों के कलाकार रामकथा को जीवंत करते नजर आएंगे। राममंदिर के उद्घाटन की खुशी में फिल्मी रामलीला का आयोजन इस बार जनवरी में भी होगा। यह रामलीला हर साल दशहरा पर होती रही है। 17 से 22 जनवरी तक सरयू तट स्थित रामकथा पार्क में रामलीला का मंचन होगा। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष मलिक ने बताया कि पहली बार रामलीला में फिल्मी कलाकारों के साथ विदेशी कलाकार भी नजर आएंगे। ये कलाकार रूस, मलयेशिया, अमेरिका, लंदन, दुबई, इस्राइल, अफगानिस्तान, जापान, चीन, जर्मनी, अमेरिका, थाईलैंड, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान के कलाकार अयोध्या की रामलीला में काम करेंगे। यह पहला अवसर होगा, जब एक साथ इतने देशों के कलाकार फिल्मी कलाकारों के साथ मिलकर रामलीला करेंगे। वह भी भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या की धरती पर। कमेटी के महासचिव शुभम मलिक ने बताया कि रामलीला का उद्घाटन पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह करेंगे। इसी साल दशहरा में हुई रामलीला को 32 करोड़ लोगों ने ऑनलाइन प्लेटफार्म पर देखा था।

## कंपनी से 13 लाख का सामान लेकर चार डिलीवरी बॉय भागे



संवाददाता

**लखनऊ।** ऑनलाइन बुक सामान की डिलीवरी करने वाली कंपनी के चार डिलीवरी बॉय पर 13 लाख रुपये कीमत के सामान हड़पने का केस सरोजनीनगर थाने में दर्ज किया गया है। कंपनी के नोडल ऑफिसर रामसागर सिंह के मुताबिक कंपनी का व्यवसाय ई- कार्ट के माध्यम से संचालित होता है। कंपनी का दफ्तर सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्टरनगर इलाके में है। कंपनी पूरे प्रदेश में ग्राहकों के ऑनलाइन खरीदे गए सामान की डिलीवरी करती है। उनका आरोप है कि डिलीवरी एजेंट मथुरा निवासी धीरज सिंह, फर्रूखाबाद निवासी कौशल कुमार पांडेय, बदायूं निवासी रामकृष्ण और फर्रूखाबाद निवासी गोविंद ने हब से 13 लाख रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिए। चोरी किए गए सामान में आईफोन, घड़ी और इयरपोड्स शामिल है। इसके अलावा आरोपियों ने ग्राहकों के वापस किए गए सामान को बदलकर उसकी जगह पत्थर और साबुन जैसी वस्तुएं रहकर कंपनी को वापस कर दी। शिकायत सामने आने पर छानबीन और जांच की गई तो आरोपियों की हरकत के बारे में पता चला। लाखों की हेराफेरी कर सभी आरोपी काम छोड़कर भाग निकले। बुधवार को रामसागर सिंह की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में केस दर्ज किया गया है।

## पांच मिमी बारिश से छह डिग्री गिरा दिन का पारा

# आलू, मटर और गेहूं की फसल पर मंडराया खतरा

संवाददाता

**लखनऊ।** बादल-बारिश और हवा बढ़ती सर्दी का अहसास करा रही है। बुधवार को देर रात शुरु हुई कभी तेज तो कभी धीमी बरसात का सिलसिला बृहस्पतिवार को दोपहर 12 बजे तक जारी रहा। इस बीच हवा चलती रही, कोहरा भी छाया रहा। ये सभी परिस्थितियां ठंड के अनुकूल रहीं, इसके कारण तापमान में 6 डिग्री के करीब गिरावट आई। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, शुक्रवार से ही ठंड और बढ़ेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र में पांच मिमी के करीब बरसात रिकार्ड हुई। हवा की गति बहुत तेज नहीं थी, लेकिन सामान्य से थोड़ी तेज जरूर रही। कोहरा भी छाया रहा और सुबह से शाम तक बादलों ने डेरा डाले रखा। दिन में 11 बजे के आसपास धूप की झलक दिखी जरूर पर चंद



सेकेंड के लिए ही। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र में दिन का तापमान 22.1 डिग्री रहा, जो एक दिन पहले के 27.8 के मुकाबले 5.7 डिग्री कम रहा। रात के पारे में एक डिग्री की बढ़ोतरी रही, ये 15 डिग्री की अपेक्षा 16.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, दो दिसंबर तक मौसम ऐसा ही रहने के आसार हैं। इसके बाद पारा और गिरना शुरू होगा। बृहस्पतिवार को सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। इससे पहले बीते सोमवार को पारा 23.6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ था।

**धुंध और बदली से आलू-गेहूं पर मंडराया खतरा**

आलू की फसल को नमी के कारण नुकसान होगा। यदि यह स्थिति एक सप्ताह से ज्यादा बनी रही तो इसका असर आलू की फसल पर बड़ा दुष्प्रभाव पड़ेगा। कृषि विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह के मुताबिक, यदि नमी बढ़ती है तो आलू में अगेती झुलसा तेजी से फैलता है। यह पानी फूलगोभी की फसल को नुकसान पहुंचाएगा, उसमें कीड़ा लगने लगेगा। इसके अलावा हरी मटर की फसल के लिए भी मौसम का ये बदलाव घातक है। बख्शी का तालाब के किसान महिपाल, रामधार, जयकरण सिंह का कहना है कि अभी हमारे गेहूं को बोए 15 और 20 दिन ही हुए हैं। यदि धुंध और बदली छाई रही तो यह पीला पड़ना शुरू हो जाएगा।

**अवध के कई जिलों में बारिश और बूंदाबांदी ने बढ़ाई सर्दी**

नवंबर का महीना जाते-जाते लोगों को ठिठुरन का अहसास करा गया। अवध के कई जिलों में बृहस्पतिवार भोर से बारिश और बूंदाबांदी ने मौसम सर्द कर दिया। कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश से खुले में रखी धान की बोरियां भीग गई वहीं कुछ फसलों को फायदा भी इस बारिश से होगा। गोंडा में बृहस्पतिवार सुबह से ही हल्की बूंदाबांदी व बदली से बढ़ी ठंड ने लोगों को कंपकंपा दिया। बाराबंकी में पूरा दिन शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बूंदाबांदी का सिलसिला जारी रहा। बदले मौसम से यहां के किसानों को आलू की फसल की चिंता सताने लगी है। सीतापुर में भी दोपहर तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए और अमेठी में बृहस्पतिवार की भोर से रुक-रुक कर होती रही।

## अयोध्या तीर्थ विकास परिषद समेत पांच विधेयक पारित

# तीन नए सरकारी विवि खुलने का रास्ता साफ

संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही प्रमुख तीर्थस्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए सरकार द्वारा तीन तीर्थ विकास परिषदों के गठन से संबंधित विधेयकों समेत कुल पांच विधेयकों को बृहस्पतिवार को विधानसभा में पारित कर दिया गया। इसमें उप्र श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के साथ ही उप्र श्री देवीपाटन धाम तीर्थ विकास परिषद और उप्र श्री शुक तीर्थ विकास परिषद विधेयक 2023 शामिल है। इसके अलावा उप्र निजी विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) विधेयक, 2023 और उप्र राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक को भी सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया है। बता दें कि योगी सरकार ने बीते दिनों अयोध्या में हुई कैबिनेट में



तीनों तीर्थ विकास परिषदों को गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। अब इसे कानून जामा पहनाने के लिए सरकार विधेयक लेकर आई थी, जिसे सर्वसम्मति से सदन ने पारित कर दिया। हालांकि सपा समेत अन्य विपक्षी दल इन विधेयकों में कई संशोधन पेश किया और इसमें स्थानीय विधायक व सांसद को भी सदस्य बनाने की मांग करते हुए विधेयक को प्रवर समिति को सौंपने की बात कही, जिसे सरकार के स्पष्टीकरण के बाद अस्वीकार करते हुए सभी विधेयकों को पारित कर दिया गया। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने सदन में कहा कि सरकार तीनों तीर्थ स्थलों की सांस्कृतिक और स्थापत्य संबंधी विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से ही इन तीर्थ विकास परिषदों का गठन करने का फैसला किया है। ये तीर्थ विकास परिषद एक निगमित निकाय होगी। इसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे, पर्यटन मंत्री इसके उपाध्यक्ष होंगे। परिषद के कार्यपालक उपाध्यक्ष की नियुक्ति प्रदेश सरकार करेगी। इसके सदस्य व सह-संयोजक प्रमुख सचिव पर्यटन होंगे। उन्होंने बताया कि आवास एवं नगर नियोजन, वित्त, संस्कृति, धर्मार्थ कार्य, नगर विकास, परिवहन, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन व लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव सदस्य होंगे। संबंधित मंडलायुक्त, डीएम समेत मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, संबंधित विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व नगर आयुक्त पदेन सदस्य होंगे। इनके अलावा आवास एवं नगर नियोजन, वित्त, संस्कृति, धर्मार्थ कार्य, नगर विकास, परिवहन, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन व लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव भी सदस्य होंगे। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद में 10 करोड़ रुपये या इससे अधिक का दान देने वाले दानदाता को भी परिषद का सदस्य बनाया जा सकेगा। इसमें एक नियोजन तथा विकास समिति भी गठित की जाएगी।

## मोबाइल पर बात करने पर मां ने डांटा 11वीं की छात्रा बेटी ने लगाई फांसी



संवाददाता

**लखनऊ।** बेटी को मोबाइल पर बात करते देख मां ने उसको डांटा और मोबाइल फोन छीन लिया। बस इस बात से आहत किशोरी ने फांसी लगा ली। बेटी को मोबाइल पर बात करते देख मां ने उसको डांटा और मोबाइल फोन छीन लिया। बस इस बात से आहत किशोरी ने फांसी लगा ली। सरोजनीनगर के वसुधा स्टेट की रहने वाली प्रकृति (16) एक निजी स्कूल में कक्षा 11 की छात्रा थी। पिता विकास चंद्र के मुताबिक बुधवार दोपहर प्रकृति के मोबाइल फोन पर लगातार कॉल आ रही थी। बेटी को मोबाइल फोन पर बातचीत करता देख पत्नी पूनम ने उसको डांटते हुए मोबाइल छीनकर अपने पास रख लिया। पूनम ने पिता से शिकायत करने की बात कही। मां की डांट से आहत किशोरी चुपचाप मकान के पिछले हिस्से में बने कमरे में चली गई। थोड़ी देर बाद प्रकृति के छोटे भाई-बहन उस कमरे में पहुंचे तो देखा कि बहन का शव फंदे के सहारे लटक रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सम्पादकीय

# राजस्थान, मप्र-मिजोरम में टक्कर, छग में सरकार रिपीट तो तेलंगाना में सत्ता परिवर्तन के संकेत



राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में मुख्य रूप से मुकाबला कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच है, जबकि तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और कांग्रेस के बीच में टक्कर है। यहां भारतीय जनता पार्टी दृश्य में भी नहीं है। मिजोरम में क्षेत्रीय दल ही सरकार बनाएंगे, ऐसा संकेत एग्जिट पोल्स दे रहे हैं।

मतदाता ने बटन दबाकर अपना फैसला ईवीएम में बंदकर दिया है और नतीजे 3 दिसंबर को आएंगे, लेकिन एग्जिट पोल ने सभी पार्टियों की धड़कनें जरूर बढ़ा दी हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में सत्ताधारी पार्टी सत्ता रिपीट और विपक्ष बदलाव की उम्मीद लगाए हुए है। राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में मुख्य रूप से मुकाबला कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच है, जबकि तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और कांग्रेस के बीच में टक्कर है। यहां भारतीय जनता पार्टी दृश्य में भी नहीं है। मिजोरम में क्षेत्रीय दल ही सरकार बनाएंगे, ऐसा संकेत एग्जिट पोल्स दे रहे हैं। शुरुआत राजस्थान से करते हैं। यहां अभी कांग्रेस की सरकार है। एग्जिट पोल्स संकेत दे रहे हैं कि मुकाबला बहुत ही कांटे का है। मतदान के बाद ऐसा ही कुछ चुनाव विश्लेषक भी मान रहे हैं। दरअसल, राजस्थान में हर 5 साल में सरकार बदलाने का एक रिवाज चला आ रहा है, लेकिन इस बार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपनी योजनाओं के भरोसे बेहद आश्वस्त हैं कि सरकार रिपीट होगी और रिवाज बदलेगा। 2018 में एग्जिट पोल्स ने कांग्रेस को बढ़त दी थी और तब उनकी भविष्यवाणी सत्य के करीब रही थी। इस बार एग्जिट पोल्स राजस्थान को लेकर एकमत नजर नहीं आ रहे। एक्सिस माय इंडिया ने कांग्रेस को भाजपा पर बढ़त दी है। यह पोल 199 सीटों में से कांग्रेस को 86-106, जबकि भाजपा को 80-100 सीटें दे रहा है। इसके उल्ट टाइम्स नाउ-ईटीजी पोल भाजपा को स्पष्ट बहुमत 108-128 सीट और कांग्रेस को 56-72 सीटें दे रहा है। टीवी-9 पोल स्टार्ट कांटे की टक्कर तो जन की बात भाजपा की सरकार का अनुमान लगा रहा है। एग्जिट पोल्स को देखकर लग रहा है कि इस बार फिर निर्दलीयों और अन्य दलों की भूमिका राजस्थान में महत्वपूर्ण हो सकती है। मध्य प्रदेश में 2018 में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस में कांटे की टक्कर हुई थी। कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था, लेकिन कुछ सीटों से वो आगे रही थी और छोटे दलों व निर्दलीयों के साथ मिलकर उसने सरकार बनाई थी, पर कुछ महीनों बाद ही कांग्रेस नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया की बगावत ने भाजपा को फिर सत्ता में ला दिया था। मध्य प्रदेश में भाजपा करीब-करीब दो दशक से सत्ता में है। अब वो सरकार विरोधी लहर से जूझ रही है। ऐसे में कांग्रेस को उम्मीद है कि इस बार उसकी सत्ता में वापसी होगी। चुनावों में ऐसा माहौल भी देखने को मिला था। 2018 में मध्य प्रदेश को लेकर एग्जिट पोल्स बंटे हुए थे और आधे पोल्स ने भाजपा और आधे पोल्स ने कांग्रेस की सरकार का अनुमान लगाया था। इस बार एग्जिट पोल दोनों दलों के बीच बेहद कांटे की टक्कर बता रहे हैं, यानी कुछ-कुछ स्थिति 2018 वाली भी बन सकती है। 230 सीटों वाली विधानसभा में एग्जिट पोल्स भाजपा को 102-130 और कांग्रेस को 97 से 125 सीटें दे रहे हैं, यानी मुकाबला बेहद दिलचस्प रहने वाला है। इस बार भी यहां अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। हालांकि, चुनाव विश्लेषकों का मानना है कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस का पलड़ा भारी रहेगा। छत्तीसगढ़ ऐसा राज्य है, जिसे लेकर कांग्रेस सबसे ज्यादा आश्वस्त लग रही है। कांग्रेस को पूरी उम्मीद है कि उसकी सरकार रिपीट होगी। एग्जिट पोल्स भी इस ओर ही इशारा कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ को लेकर भाजपा शुरू से यही मान रही थी कि कांग्रेस का पलड़ा भारी है, लेकिन चुनाव से एक-दो महीने पहले जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां ताकत झोंकी तो उससे सरकार में आने की तो नहीं, लेकिन मजबूत विपक्ष की उम्मीद भाजपा ने जरूर बना ली है। एग्जिट पोल्स कांग्रेस को 90 सीटों वाली विधानसभा में 40-56 और भाजपा को 30-46 सीटें दे रहे हैं। अन्य के खाते में 0-10 सीटें आ सकती हैं। 2018 में यहां एग्जिट पोल्स का कांग्रेस की सरकार बनने का अनुमान सही साबित हुआ था। दक्षिणी राज्य तेलंगाना में के.चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की सरकार है और राव इस बार जबर्दस्त सरकार विरोधी लहर का सामना कर रहे हैं। 119 सीटों वाली तेलंगाना विधानसभा में कांग्रेस को इस बार सत्ता में वापसी की पूरी उम्मीद है। कांग्रेस नेताओं ने तेलंगाना में सबसे ज्यादा जोर लगाया है। लगभग सभी एग्जिट पोल्स इस ओर इशारा भी कर रहे हैं कि तेलंगाना में सत्ता परिवर्तन हो सकता है। पिछली बार भी एग्जिट पोल्स का अनुमान तेलंगाना को लेकर सही साबित हुआ था और अधिकांश ने 2018 में तेलंगाना राष्ट्र समिति (अब बीआरएस) का सत्ता में बने रहने का अनुमान लगाया था। यदि एग्जिट पोल सही साबित होते हैं तो तेलंगाना में के.चंद्रशेखर राव की 10 साल की सत्ता समाप्त होगी। यहां भाजपा लड़ाई में नहीं है। इधर, कुछ सीटों पर एआईएमआईएम जरूर लड़ाई में है। एग्जिट पोल बीआरएस को 31-55, कांग्रेस को 48-79, भाजपा को 2-13 सीटें दे रहे हैं। एग्जिट पोल्स में स्पष्ट रूप से कांग्रेस की सत्ता में वापसी दिख रही है। पांच राज्यों में सबसे छोटे 40 सीटों वाले मिजोरम में सत्तारूढ़ पार्टी एमएनएफ से सरकार खिसकती दिख रही है। एग्जिट पोल्स एमएनएफ को 10-18 सीटें दे रहे हैं, जबकि जेडपीएम को 12-25 सीटों का अनुमान है। यहां कांग्रेस थोड़ी बढ़त लेती दिख रही है और उसे 5-10 सीटों के बीच में मिलने का अनुमान लगाया गया है। साफ है कि अगली सरकार में कांग्रेस की भूमिका रह सकती है। यहां भाजपा को 0-2 सीटें मिलने का अनुमान है। साफ है कि एग्जिट पोल्स ने सभी दलों की धड़कनें जरूर बढ़ा दी हैं। 3 दिसंबर को स्पष्ट होगा कि एग्जिट पोल्स वास्तविक पोल रहे या नहीं।




# विश्व के कुछ मातृसत्तात्मक समाज और स्त्रियों की दुनिया

भारत ही नहीं बल्कि मूलतः वैश्विक समाज ही पुरुष प्रधान रहा है। भारत इसका अपवाद नहीं रहा। लेकिन हमारी जनजातियां, जो कि प्राचीन और वर्तमान के बीच की एक कड़ी हैं, में ऐसे भी समाज हैं जहां पुरुष नहीं बल्कि नारी प्रधानता है। उसी परम्परा को हमारी आदिम जातियां संजोए हुए हैं। जाहिर है कि प्राचीन काल में विश्व में ऐसे भी समाज रहे हैं जहां नारी प्रधानता रही है। ऐसी ही नारी प्रधानता का एक उदाहरण भारत के मेघालय राज्य का है। कुछ आदिम जाति समाजों में बहुपत्नी प्रथा भी रही है। उन समाजों में भी नारी के हाथों में परिवार के नियंत्रण के भी उदाहरण हैं।

### विश्व के कुछ मातृसत्तात्मक समाज

विश्व में आज भी कई मातृ सत्तात्मक समाज हैं जहां सदियों से महिलाएं राजनीति, अर्थव्यवस्था और व्यापक सामाजिक संरचना, सब कुछ देखती हैं और वंश परम्परा माता से ही चलती है। इनमें चीन की मोसुओ जाति भी एक है जिनकी जनसंख्या 40 हजार के करीब बताई जाती है। ये बौद्ध धर्म के अनुयायी हैं। इस समाज में महिलाएं विवाह नहीं करतीं। इसी प्रकार कोस्टा रिका के ब्रिब्रि जनजातीय समाज भी मातृसत्तात्मक है जिनकी जनसंख्या 12 से 35 हजार के बीच मानी जाती है। इस समाज में महिलाएं आदरणीय होती हैं। वही धार्मिक आयोजनों के लिए ककाओ पेय बना सकती हैं। केन्या के उमोजा जनजाति का एक ऐसा महिला गांव है जहां पुरुषों के प्रवेश पर प्रतिबंध है। इस गांव की स्थापना अनेक तरह की हिंसा से पीड़ित महिलाओं ने 1990 में की थी। इंडोनेशिया का मिनांगकाबाउ विश्व की सबसे बड़ी महिला प्रधान जनजाति मानी जाती है, जिसकी जनसंख्या लगभग 40 लाख आंकी गई है। इस समाज में भी महिलाएं आदरणीय होती हैं। यहां विवाह तो होते हैं मगर पुरुष का शयन कक्ष अलग होता है। घाना की अकान जनजाति भी मातृसत्तात्मक है मगर वहां पुरुष ही परिवार के मुखिया होते हैं, लेकिन विरासत मां के नाम पर चलती है। वहां जमीन की मालिक भी महिला होती है और धन का बंटवारा भी महिलाएं ही करती हैं। वंश भी महिलाओं पर ही चलता है। न्यू गुयाना की नागोविसी जनजाति भी मातृसत्तात्मक है। भारत में खासी जनजाति मातृसत्तात्मक है जिसकी जनसंख्या लगभग 10 लाख आंकी गई है।



### धर्म बदला मगर परम्पराएं नहीं बदलीं

मेघालय की राजधानी शिलांग के अधिकांश लोग खासी नामक जनजाति के हैं। इस जनजाति के ज्यादातर लोग ईसाई धर्म को मानने वाले हैं, मगर उन्होंने अपनी मातृसत्तात्मक प्राचीन संस्कृति को त्यागा नहीं है। गारो, खासी और जयंतिया राज्य की तीन पहाड़ियां है और इन पर रहने वाले आदिवासी और जातीय समूहों को इन्हीं तीन नामों से जाना जाता है। हालांकि, इनमें गारो जनजाति का संबन्ध बोड़ो जातियों से माना जाता है। इनका वर्चस्व पश्चिमी मेघालय में अधिक है और ऐसा माना जाता है कि तिब्बत से आकर ये यहां बसे। इनका प्रमुख उत्सव बंडल है, जो फसलों की कटाई के दौरान मनाया जाता है। इस जाति की विशेषता यह है कि इसमें महिलाओं की प्रमुखता होती है और समाज के सभी बड़े फैसले महिलाएं ही लेती हैं। यह जनजाति मातृ सत्तात्मक है। खासी जनजाति हिंद-चीन मूल के हैं। इनका समाज भी मातृ सत्तात्मक है। इन दोनों जनजातियों की ही तरह जयंतिया जनजाति भी मातृसत्तात्मक है। खासी जनजाति के बारे में दिलचस्प बात यह है कि इस जनजाति में महिला को घर का मुखिया माना जाता है। जबकि भारत के अधिकांश परिवारों में पुरुष को प्रमुख माना जाता है। इस जनजाति में परिवार की सबसे बड़ी लड़की को जमीन जायदाद की मालकिन बनाया जाता है। यहां मां का उपनाम ही बच्चे अपने नाम के आगे लगाते हैं।

### खासी जाति में स्त्री राज

मेघालय के गंवई इलाके में महिलाओं को सबसे ज्यादा इज्जत की नजर से देखा जाता है। करीब 10 लाख लोगों का वंश महिलाओं के आधार पर चलता है। खासी जाति की परंपरा के मुताबिक परिवार की सबसे छोटी बेटी सभी संपत्ति की वारिस बनती है, पुरुषों को शादी के बाद अपनी पत्नियों के घरों में जाना पड़ता है और बच्चों को उनकी माताओं का उपनाम दिया जाता है। अगर किसी परिवार में कोई बेटी नहीं है, तो उसे एक बच्ची को गोद लेना पड़ता है, ताकि वह वारिस बन सके। इसके अलावा खासी जाती की महिलाओं को इस बात का अधिकार है कि वे समुदाय से बाहर शादी कर सकती हैं। सबसे छोटी बेटी को संपत्ति का वारिस बनाने के पीछे तर्क यह यह है कि मां बाप को लगता है कि वह मरते दम तक उनकी देखभाल कर सकती है। उन्हें लगता है कि वे अपनी बेटी पर आश्रित रह सकते हैं।

### महिला राज के खिलाफ आन्दोलन

पारियात सिंगखोंग रिम्पाई थिम्माई संगठन के कार्यकर्ता इसे बदलना चाहते हैं। खासी जाति की परंपरा को बदलने के लिए पारियात संस्था का गठन 1990 में हुआ। इससे पहले पुरुषों ने इस समाज में अपने अधिकारों के लिए 1960 के आस पास आन्दोलन शुरू किया लेकिन उसी वक्त खासी जाति की महिलाओं ने एक विशाल सशस्त्र प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुरुषों का विरोध ठंडा पड़ गया।

### सास और दामाद की शादी

मेघालय की गारो जनजाति में एक ऐसी परंपरा है जिसके तहत सास और दामाद की शादी हो सकती है। इसके बाद सास और दामाद का रिश्ता खत्म होकर पति-पत्नी का रिश्ता बन जाता है। गारो जनजाति का एक नियम है कि शादी के बाद छोटी बेटी का पति घर जमाई बन कर ससुराल में रहने आ जाता है। इसके बाद इसे नोकरोम कहा जाने लगता है। नोकरोम को सास के मायके में पति के प्रतिनिधि के रूप में मान्यता मिलती है। अगर किसी कारण से ससुर की मृत्यु हो जाती है तो सास की शादी नोकरोम से कर दी जाती है। इस शादी के बाद बेटी और सास दोनों का पति बनकर नोकरोम को दोनों की जिम्मेदारी उठानी पड़ती है। गारो जनजाति में यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। समाज में इसे पूरी तरह मान्यता प्राप्त है। हालांकि नए जमाने के युवा इसे कम ही अपना रहे हैं फिर भी अभी यह अस्तित्व में है।

### पहली महिला गृह मंत्री

कांग्रेस विधायक रोशन वर्जरी ने मेघालय की पहली महिला गृह मंत्री बनाई गईं। वह देश के किसी राज्य में इस मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालने वाली दूसरी महिला भी हैं। मुख्यमंत्री मुकुल संगमा ने 12 मार्च 2013 को विभागों का बंटवारा करते हुए वर्जरी को गृह मंत्रालय (जेल) के साथ-साथ लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी भी सौंपी है। वह पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत में इस महत्वपूर्ण विभाग को संभालने वाली पहली भारतीय महिला हैं। वह उत्तरी शिलांग से विधानसभा चुनाव जीतीं थी। उनसे पहले यह पोर्टफोलियो वरिष्ठ राजनेता एचडीआर लिंगदोह के पास था। वर्जरी से पहले आंध्र प्रदेश में सबिता रेड्डी किसी राज्य की पहली गृहमंत्री बनीं थीं।

# डेसमंड टूटू की विरासत

दक्षिण अफ्रीका के दिवंगत बिशप के जीवन और उनकी विरासत में हमारे अपने देश के लिए भी कुछ अच्छे सबक हैं। उनकी अंतर-धार्मिक सद्भावना विशेष रूप से भारत के लिए आज प्रासंगिक है।

पिछले कुछ हफ्तों से मैं दक्षिण अफ्रीका के बारे में विचार कर रहा था, क्योंकि वहां टेस्ट शृंखला खेली जा रही थी, लेकिन इसकी बड़ी वजह थे आर्कबिशप डेसमंड टूटू, पिछले हफ्ते जिनका निधन हो गया और उनके साथ ही रंगभेद विरोधी संघर्ष के अंतिम महान योद्धा की विदाई हो गई। संभवतः वह अपने किसी भी समकालीन की तुलना में विश्व की अंतरात्मा के अधिक करीब थे। मैंने डेसमंड टूटू को पहली बार जनवरी, 1986 में टेलीविजन की स्क्रीन पर देखा था। पादरी उस देश के प्रवास पर थे, ताकि वह अमेरिका और अमेरिकियों को झकझोर सकें, जो कि मौन और कई बार मुखर होकर नस्लवादी सत्ता का समर्थन कर रहे थे। टूटू मानते थे कि पश्चिम का आर्थिक दबाव सत्तारूढ़ व्यवस्था को नस्लीय भेदभाव को खत्म करने के लिए कदम उठाने को मजबूर कर देगा।

वहां वह कॉरपोरेट प्रमुखों से मिले, जिनमें जनरल मोटर्स के प्रमुख भी शामिल थे, उनके अलावा उन्होंने अमेरिका के सबसे महान और सबसे समृद्ध विश्वविद्यालयों के प्रमुखों से भी मुलाकात की और उनसे दक्षिण अफ्रीका में बड़े पैमाने पर किए गए लाभदायक निवेश को वापस लेने का आग्रह किया। वहां उनकी तुलना मार्टिन लूथर किंग से भी की जा रही थी, जिसे इस दक्षिण अफ्रीकी ने खारिज कर दिया और पत्रकारों से कहा कि अन्य चीजों के अलावा एमएलके (मार्टिन लूथर किंग) उनकी तुलना में खूबसूरत थे। यह कहते हुए उन्होंने अपने नाटे कद और गोलमटोल शरीर और बिखरे बालों का हवाला दिया। दक्षिण अफ्रीका में निवेश करने वाले अमेरिकी विश्वविद्यालयों में येल भी था, जहां मैं काम कर रहा था। टूटू के प्रवास ने छात्रों के साथ ही शिक्षकों के एक वर्ग को भी प्रभावित किया, जिन्होंने येल



कॉरपोरेशन से संपर्क कर उनसे दक्षिण अफ्रीका कंपनियों से निवेश खींचने का आग्रह किया। कॉरपोरेटर्स ने दंभपूर्ण तरीके से इससे इनकार कर दिया। इसके बाद छात्रों ने लाइब्रेरी के बाहरी हिस्से पर कब्जा जमा कर वहां लकड़ी और टीन से झोपड़ियां बना ली और वहां बैठ गए, गाना गाने लगे, नारे लगाने लगे और भाषण देने लगे। उन्होंने नेल्सन मंडेला के चित्र लगाए, जो कि बीस साल से अधिक समय से जेल में थे और जिन्होंने अपने व्यक्तित्व को रंगभेद विरोधी आंदोलन और संघर्ष को समर्पित कर दिया था। येल में बिताए ये कुछ महीने थे, जब मैं पहली बार भारत से बाहर था। हालांकि मैं उम्र के तीसरे दशक के अंतिम हिस्से में था, लेकिन मुझे इससे बहुत वास्ता नहीं था कि दक्षिण अफ्रीका में क्या कुछ हो रहा है। मुझे लगता है कि मैं इसके लिए भारतीय प्रेस को दोष दे सकता हूं, जिसने तब उस देश पर शायद ही कभी कोई रिपोर्ट दी हो, शायद इसलिए कि वहां के नस्लवादी शासन के साथ हमारे कोई राजनयिक संबंध नहीं थे। टूटू को टेलीविजन पर सुनने और उनके भाषणों की रिपोर्ट्स पढ़ने और येल के अधिकांशतया श्वेत छात्रों में उसका प्रभाव देखने के बाद देर से ही सही दक्षिण अफ्रीका में मेरी दिलचस्पी बढ़ गई।

भारत लौटने के बाद मैं दक्षिण अफ्रीका की राजनीति का करीब से अनुसरण करने लगा। इस बीच, प्रतिबंधों को लेकर कदम उठाए जाने लगे। मारग्रेट थैचर और रोनाल्ड रीगन, जिन्होंने पहले नस्लवादी सत्ता की आलोचना करने के प्रति अनिच्छा दिखाई थी, कुछ आवाज उठाने लगे। नेल्सन मंडेला उस समय तक जेल में ही थे, लेकिन कुछ विदेशी आगंतुकों से मिलने की उन्हें इजाजत दी गई। उनमें ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री मैलकम फ्रेसर भी शामिल थे, जिनसे मंडेला का पहला सवाल था, क्या डॉन ब्रैडमैन अभी जिंदा हैं? 1991 में मैं लंदन में था और वहां गोपालकृष्ण गोखले के घर पर मेरी मुलाकात अंग्रेज पादरी ट्रेवोर हडलस्टन से हुई थी, जिन्हें नस्लवाद की आलोचना करने की वजह से 1950 के दशक में दक्षिण अफ्रीका से निष्कासित कर दिया गया था। जोहान्सबर्ग क्षेत्र का पादरी रहते हुए हडलस्टन ने कई उल्लेखनीय युवाओं को तराशा, जिनमें डेसमंड टूटू और जाज संगीतकार हग मस्केला शामिल थे।

एक समय के तेजतर्रार प्रचारक तब उम्र के सातवें दशक के अंतिम वर्षों में पहुंच चुके थे और कुछ कमजोर लग रहे थे। डिनर टेबिल पर वहां मौजूद जब एक अन्य मेहमान ने उनकी सेहत के बारे में पूछा तो हडलस्टन का जवाब था, मैं उम्मीद करता हूं कि मुझसे पहले रंगभेद की मौत हो जाएगी। हडलस्टन की इच्छा पूरी हुई और 1994 में नेल्सन मंडेला के राष्ट्रपति बनने के बाद वह थोड़े समय के लिए दक्षिण अफ्रीका गए। 1997 और 2009 के दौरान मैंने खुद दक्षिण अफ्रीका की पांच बार यात्रा की। इन यात्राओं में मैंने रंगभेद विरोधी संघर्ष की कुछ उल्लेखनीय शख्सियतों से मुलाकात की। उनमें कवि मोंगेन वैली सेरोट, समाजशास्त्री फातिमा मीर, न्यायविद् एल्बेइ सैस और इतिहासकार रेमंड सूटनर शामिल थे। उन्होंने और उनके जैसे अन्य लोगों ने वीरतापूर्वक इतिहास के घावों को अपने पीछे छिपा लिया था, और अब वे एक पूर्ण और बहु-नस्लीय लोकतंत्र के निर्माण के लिए सामूहिक रूप से काम कर रहे थे।

वे विविध नस्लीय पृष्ठभूमि से आए थे

अफ्रीकी, भारतीय, रंगीन, श्वेत। वे एक इंद्रधनुष राष्ट्र (एक शब्द, संयोगवश, डेसमंड टूटू द्वारा गढ़ा गया) के अस्तित्व में आने का प्रतिनिधित्व करते थे। दक्षिण अफ्रीका की मेरी यात्रा के दौरान मैं कभी आर्कबिशप टूटू से नहीं मिल सका। हालांकि 2005 में टूटू जब एक निजी यात्रा पर बंगलुरू आए थे और तब मुझे भी उनके सम्मान में दिए गए एक डिनर में आमंत्रित किया गया था। मैं उनके साथ करीब बीस मिनट तक रहा। हमने सबसे पहले सचिन तेंदुलकर के बारे में बात की, जिनके दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों के खिलाफ शानदार फुटवर्क और रोमांचक स्ट्रोक प्ले की उन्होंने बहुत प्रशंसा की। इसके बाद मैंने उन्हें ट्रेवोर हडलस्टन से हुई मेरी मुलाकात के बारे में बताया। इतना सुनते ही उन्होंने कहा, ट्रेवोर अफ्रीकियों जैसा हंसते थे, उनका पूरा शरीर हिलने लगता था। यदि उनके साथ मेरे कुछ व्यक्तिगत संबंध न भी होते, तब भी डेसमंड टूटू के निधन पर मैं उतना ही दुखी होता। क्योंकि वह अपने देश में और अन्य देशों में भी नैतिकता की मिसाल के तौर पर पहचाने जाने वाले शायद अंतिम जीवित व्यक्ति थे।

वह दक्षिण अफ्रीका की अंतरात्मा थे, जिन्होंने सीधे तौर पर रंगभेद शासन की नस्लीय क्रूरता का सामना किया, और खुले तौर पर अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे रंगभेद के बाद के शासन के भ्रष्टाचार और वंशवाद की भी आलोचना की। फिर भी टूटू ने जहां भी अन्याय हुआ, उसके खिलाफ बात की, चाहे वह फलस्तीनियों के खिलाफ यहूदी बस्तियों और इस्राइल द्वारा की गई ज्यादतियां हों या म्यांमार में रोहिंग्याओं के खिलाफ उनकी साथी नोबेल पुरस्कार विजेता, आंग सान सू की के नेतृत्व में शासन द्वारा की गई कार्रवाई हो। यहां तक कि उन्होंने अपने स्वयं के एंग्लिकन चर्च की स्थायी घृणा को भी आड़े हाथ लिया। टूटू के जीवन और उनकी विरासत में हमारे अपने देश के लिए भी कुछ अच्छे सबक हैं। उनकी अंतर-धार्मिक सद्भावना विशेष रूप से भारत के लिए आज प्रासंगिक है। ईसाइयत के अभ्यास को लेकर वह उल्लेखनीय रूप से उदार थे। जैसा कि उन्होंने अन्य धार्मिक परंपराओं के अनुकरणीय व्यक्तियों की प्रशंसा करते हुए कहा था, ईश्वर ईसाई नहीं है। और ईश्वर हिंदू भी नहीं है।

# पहाड़ की सादगी और जीवन, सभ्यता जहां सांसे ले रही है और मनुष्यता सबसे पवित्र स्वरूप में है..!

सभ्यता की पराकाष्ठा को छूती हुई इंसानी बस्तियों से जब कभी इंसानियत की दम घोंटू आवाज हमारे सभ्य होने की तंद्रा को झकझोर देती है, तो हम यह सोचने को विवश हो जाते हैं कि क्या इंसान को इंसान का दर्जा देने वाली इंसानियत अभी जिंदा है? मानवता पर लगे इस बड़े प्रश्न चिन्ह को सिरे से नकारती हुई दो घटनाओं को मैं आपके साथ साझा करना चाहूंगा। दरअसल, पिछले दिनों अपने हर की दून की यात्रा पर मुझे यह सुखद अनुभव हुआ ओसला गांव से 2 घंटे पैदल चलने के बाद हर की दून मार्ग पर 10 हजार फीट की ऊंचाई पर एक बूढ़ा आदमी, जिसका एक बेटा विकलांग है और जो अपने परिवार का एकमात्र रोजी-रोटी का आसरा है, वह एक प्लास्टिक के टेंट में आने जाने वाले यात्रियों के लिए चाय की स्टाल चलाता है वह हाड़ कंपाने वाली इस ठंड में ग्राहकों का इंतजार करता है जिससे उसका घर चल सके। 3 वर्ष पहले उसे अपना आधार कार्ड बनवाने के लिए कुछ सहायता चाहिए थी और मैंने इस कार्य में बस का मार्गदर्शन किया था। इस बार जब मैं उसके पास पहुंचा तो उसकी सहायता करने की इच्छा से उसे कुछ पैसे देना चाहता था, इसलिए मैंने उसे अपने और अपने मित्र के लिए दो चाय मंगवाई और उसे ?100 देने चाहे पर मेरे आश्चर्य की सीमा न रही उस अवर्णनीय कष्टों में अपना जीवन यापन करने वाले साधारण से दिखने वाले व्यक्ति ने पैसे लेने से स्पष्ट मना कर दिया। मेरी भरसक और अथक कोशिशों के बाद भी उसने वह पैसे मुझसे नहीं लिए जबकि मेरी उस छोटी सी सहायता के बदले, जो मुझे शायद याद भी नहीं थी।

इस घटना ने मुझे भीतर तक झकझोर दिया। हमारे तथाकथित सभ्य समाज से आने वाला मैं आज उस चाय वाले बुजुर्ग के सामने अपने आप को बहुत बौना महसूस कर रहा था। वो व्यक्ति जो हमारे सभ्य और सुसंस्कृत समाज में सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से मुझसे कहीं बहुत पीछे खड़ा था, पर मानवता को मानव होने की पहचान देने वाली मानवता की कसौटी पर वो एक खरे सोने की तरह चमक रहा था, जिसकी चमक मुझे आश्वस्त कर रही थी कि मानवता अभी जिंदा है। ऐसी ही एक और घटना ने मुझे इन सरल, स्वार्थहीन पहाड़ी लोगों के स्नेह के मोहपाश में बांध दिया। ओसला हर की दून घाटी के इस छोटे से पहाड़ी कस्बे में न जाने क्या आकर्षण है जो निरंतर मुझे अपनी ओर खींचती रही है।



एक अत्यंत कठिन पहाड़ी मार्ग पर स्थित 1 घंटे की यात्रा और कम से कम 5 घंटे की कठिन और दुष्कर चढ़ाई के बाद यहां पहुंचना संभव होता है। कड़कड़ाती ठंड और संसाधनों की कमी में अपने मवेशियों के लिए घास काटकर लाना, पानी को दूर से भरकर लाना, जलाने और खाना पकाने के लिए जंगल से लकड़ियां काट कर लाना, दादी परदादी के किस्से कहानियों का हिस्सा लगने वाले इस जीवन को यहां पर पांच, छः दिन बिताने के बाद ही समझा जा सकता है कि ऐसी स्थिति में किसी परिवार का उसके जीविका कमाने वाले सदस्य के बिना जीवन कैसा होगा?

### जाहिर है इसकी शायद हम कल्पना भी नहीं कर सकते।

इस बार की यात्रा पर मेरे गाइड ने मुझे एक परिवार की ऐसी दुखद त्रासदी के विषय में बताया, जहां पर एक महिला, जिसके पति की असमय मृत्यु हो गई थी और कुछ महीनों पहले उसकी मां की एक आंख की रोशनी भी चली गई थी। अपने तीन बच्चों, जो कि सभी 10 वर्ष से कम आयु के थे। उनके साथ इन कष्ट साध्य परिस्थितियों में जीवन यापन करने को बाध्य थी। मैंने अपने गाइड से वहां ले चलने को कहा मैं वहां जाकर उस के माध्यम से उनके द्वारा उगाया जाने वाला राजमा लेकर उसके बदले में कुछ पैसे देकर उसकी मदद करना चाहता था।

उसकी सहायता का भाव लिए हम दोनों उसके घर पहुंचे और उससे बातचीत करने लगे। उसने बहुत प्रेम से हमें चाय पिलाई फिर मेरे गाइड ने उससे राजमा देने को कहा तो वो बहुत ही प्रसन्नता और सम्मान से चार पांच किलो राजमा लेकर आई। मैंने उसके बदले में जब उसे पैसे देने चाहे तो उसने अत्यंत करुण स्वर में पैसे लेने से मना कर दिया और मेरे दोबारा कहने पर वह हाथ जोड़कर रोने लगी और जब उसने अपने आर्त स्वर और निष्कपट भाव से कहा कि उसके पास मुझे देने के लिए इसके अतिरिक्त और कुछ नहीं है, तो उसकी इस सरल और सच्ची वाणी ने मुझे एक बार फिर से आश्वस्त किया कि जिसको मरा हुआ समझकर हम कब का दफ़ना चुके हैं वह इंसानियत जीवन की कठिनतम परिस्थितियों में जीवन यापन करते इन फरिश्तों में आज भी जिंदा है।

आज के छल कपट से भरे समय में ऐसे निष्कपट व्यक्तियों से मिलकर मैं हतप्रभ था। अब जब मैं सोचता हूं तो समझ पाता हूं कि हमारी तथाकथित सभ्य सुसंस्कृत तकनीकी जंजाल में उलझी इस दुनिया से दूर रहने के कारण ही शायद मानवता का अस्तित्व इन लोगों के अंदर अभी बरकरार है। लेकिन ये कसक फिर भी मुझ में बनी हुई है कि-

**क्यों बस दर्द और अंधियारे में इंसानियत जिंदा है?**

**क्यों नहीं हम खुद में उसके मर जाने पर शर्मिंदा हैं?**

# सनकी हत्यारे की तलाश

## 50 गांवों में गईं पुलिस की नौ टीमें, ड्रोन के जरिए जंगल में निगरानी, फिर भी खाली हाथ

संवाददाता

**बरेली।** बरेली के शाही और शीशगढ़ इलाके में लगातार हो रही महिलाओं की हत्याओं के खुलासे की डगर आसान नहीं। पुलिस का मुखबिर तंत्र नाकाम साबित हो रहा है। सर्विलांस भी फेल साबित हो रहा है। हालांकि, पुलिस अफसर ड्रोन के जरिये जंगलों व नदियों की खाक छान रहे हैं। गांव-गांव चौपाल लगा रहे हैं। पुलिस की नौ टीमें कातिल की तलाश में दौड़ रही हैं, लेकिन अब तक सब खाली हाथ हैं। हत्यारे की गिरफ्तारी तो दूर, अब तक वे कोई ठोस सुराग भी नहीं जुटा सकी हैं। शीशगढ़ क्षेत्र में उर्मिला देवी की हत्या होने के बाद सोमवार को जगदीशपुर में एडीजी, आईजी और एसएसपी समेत कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे थे। ड्रोन उड़ाकर आसपास के इलाके में टोह लेने की कोशिश तो की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। मंगलवार को भी एसएसपी की मौजूदगी में ड्रोन



उड़ाकर क्षेत्र में वीडियो रिकॉर्डिंग कराई गई। किच्छा और बहगुल नदी किनारे नाव के जरिये जंगलों की वीडियोग्रॉफी कराई गई। शाही और शीशगढ़ क्षेत्र में पुलिस और एलआईयू की टीम को सादा कपड़ों में भी तैनात किया गया है। एसओजी और सर्विलांस टीम भी लगाई गई है। शाही और शीशगढ़ क्षेत्र में मंगलवार को एसपी देहात, एसपी क्राइम, सीओ थर्ड, सीओ बहेड़ी समेत कई अफसरों ने भ्रमण किया।

**50 गांवों में गईं नौ टीमें**

शाही थाने की नौ टीमें मंगलवार को 50 गांवों में गईं। यहां लाउडस्पीकर से महिलाओं को बताया गया कि किसी व्यक्ति की संदिग्ध हालत या गलत हरकत दिखे तो तत्काल परिवार के लोगों या पुलिस को सूचना दें। पुलिस टीम ने गांव मीरापुर, गौतारा, रहपुरा जागीर, पीथुपुरा, सतुईया आदि में पुलिस ने जगह-जगह महिलाओं और अन्य ग्रामीणों के साथ बैठक करके उन्हें चारा लेने जंगल में अकेले जाने से मना किया। खेतों में घूमकर पुलिस ने अकेली काम कर रही महिलाओं को घर भेजा। सीओ थर्ड अनीता चौहान के साथ 22 महिला पुलिसकर्मियों की टीम ने महिलाओं से चौपाल में संवाद किया। वहीं पुलिस की अपील पर महिलाएं खेतों की ओर मंगलवार को समूह बनाकर निकली।

**देहात में पुलिस को नहीं मिल रही खुलासे की डगर**

लगातार हो रही महिलाओं की हत्या के बाद भी हत्यारा पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस अभी तक कोई सटीक खुलासा नही कर सकी है जबकि पुलिस अक्सर शहर में हुई हत्याओं को खुलासा जल्द कर देती है। माना जा रहा है ग्रामीण क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे न होने के कारण हत्यारे को चिह्नित करने में परेशानी हो रही है। इसी का फायदा उठाकर हत्यारा आसानी से महिलाओं को शिकार बना रहा है। यह भी कयास लग रहा है कि हत्यारा शायद मोबाइल का भी इस्तेमाल नही करता है, जिस कारण उसकी लोकेशन भी पुलिस को नहीं मिल पा रही है।

**तांत्रिक और सनकी तलाशे जा रहे गांव-गांव**

पुलिस हत्यारे की तलाश में गांवों की खाक छान रही है और क्षेत्र के पेशेवर अपराधियों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस तांत्रिकों और सनकी लोगों के बारे में भी जानकारी कर रही है। पुलिस अजीबोगरीब गतिविधि वाले लोगों की जानकारी जुटा रही है, साथ ही महिला अपराध में लिप्त रहे लोगों की भी तलाश की जा रही है। मुखबिरों को सक्रिय कर दिया गया है।

**एसपी देहात ने वादी के लिए बयान**

जगदीशपुर में हुई महिला की हत्या के दौरान एसपी देहात मुकेश चंद्र मिश्रा विभागीय कार्य से बाहर गए हुए थे। लौटने के बाद उन्होंने जांच की तो घटनाक्रम और शव की स्थिति के आधार पर कुछ ऐसे बिंदु हैं जहां करीबी भी जांच की रडार पर आ रहे हैं। एसपी देहात ने वादी वेदप्रकाश के बयान दर्ज कराने के साथ ही पीड़ित परिवार से बात कर कड़ियां जोड़ने का प्रयास किया।

## मेला ककोडा में अखिल भारतीय शाक्य महासभा द्वारा लगाए गए पांच दिवसीय कैंप का समापन





मुशाहिद रजा

**बदायूं।** मेला ककोडा में अखिल भारतीय शाक्य महासभा द्वारा लगाए गए पांच दिवसीय कैंप का विधिवत समापन बदायूं की सांसद डा संघमित्रा मौर्य द्वारा किया गया। जिसके मुख्य आयोजक अखिल भारतीय शाक्य महासभा के प्रदेश महासचिव अरुण कुमार शाक्य एवं जिला संरक्षक भानु प्रताप सिंह शाक्य रहे।कैंप में शाक्य, मौर्य ,सैनी एवं कुशवाहा समाज को एकजुट होकर समाज के विकास की रणनीति तय की गई। तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों से दूर रहकर समग्र विकास एवं देश व समाज हित में कार्य करने की अपील करते हुए एकजुट होने पर बल दिया गया।

कैंप में मुख्य भूमिका में रहे पूर्व विधायक एवं युवा नेता धर्मेन्द्र शाक्य ने कहा कि जब-जब शाक्य मौर्य सैनी एवं कुशवाहा समाज ने जाग्रत हो कर एकजुटता का परिचय दिया है तब-तब बदायूं ही नहीं बल्कि प्रदेश भर में समाज को पूरा प्रतिनिधित्व मिला है। उन्होंने समाज की युवा पीढ़ी से संघर्षरत रहकर समाज के उत्थान की अपील की। इससे पूर्व कैंप का उद्घाटन ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य एवं बिल्सी विधायक हरीश शाक्य सदर विधायक महेशगुप्ता सहित कई गणमान्य जनप्रतिनिधि इसके बाद पांच दिवसीय कैम्प में डॉक्टर आलोक कुमार शाक्य प्रदेश अध्यक्ष, डॉक्टर देवेन्द्र कुमार शाक्य प्रदेश कोषाध्यक्ष, डोरी लाल शाक्य फौजी प्रदेश प्रचार सचिव,नगर प्रभारी रामसहाय मौर्य, हरिप्रसाद मौर्य एडवोकेट सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नज़र

### जिलाधिकारी जालौन व पुलिस अधीक्षक जालौन ने जिला कारागार का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



के के श्रीवास्तव

**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने संयुक्त रूप से जिला कारागार में विभिन्न बैरकों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कारागार परिसर स्थित समस्त बैरकों की सघन तलाशी ली गई। जिला कारागार परिसर में स्थित अस्पताल में भर्ती बन्दियों की भी तलाशी ली गई, इसके अलावा परिसर स्थित संदिग्ध स्थानों की बारीकी से खंगाला गया। तलाशी के दौरान कोई भी आपत्तिजनक एवं गैरकानूनी सामान जिला कारागार में नहीं पाया गया। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को सीसीटीवी कैमरों की अनवरत सक्रियता बनाए रखने के साथ ही कारागार परिसर में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक एवं गैरकानूनी सामान न पहुंचे इसके लिए विशेष निगरानी रखी जाए। इस दौरान उन्होंने जेल अधीक्षक को सरकार द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सारी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, नगर मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार, क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी, जेलर प्रदीप कुमार, उप जेलर तारकेश्वर सिंह व अमर सिंह सहित आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### झांसी में पैरा मेडिकल कॉलेज के पास बनेगा डिजॉस्टर रिस्पॉस सेंटर

**झांसी।** बुंदेलखंड में भी कई दफा प्राकृतिक आपदा तबाही मचा चुकी है। भारी बरसात के चलते जब बांधों से पानी छोड़ा जाता है तो नदियां उफन जाती हैं और कई इलाके जलमग्न हो जाते हैं। ऐसे हालातों से तत्काल निपटा जा सके इसके लिए शासन ने झांसी में डिजॉस्टर रिस्पॉस सेंटर बनाने का फैसला किया है। पैरा मेडिकल कालेज के पास सेंटर का निर्माण कराया जाना है। इसके लिए एक हजार वर्गमीटर जमीन चिह्नित कर ली गई है और शासन की ओर से भी इसकी सहमति दे दी गई है। पहले शासन स्तर से सेंटर की स्थापना के लिए कलक्ट्रेट या कमिश्नरी के आसपास जमीन मांगी गई थी। लेकिन यहां कहीं उपलब्ध ही नहीं हो सकी थी।

**डिजॉस्टर रिस्पॉस सेंटर में यह होगा**

**झांसी।** डिजॉस्टर रिस्पॉस सेंटर में सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं अन्य केंद्रों व एजेंसियों से समन्वय स्थापित करने के लिए संचार केंद्र बनाए जाएंगे। इसके अलावा इसमें प्रशिक्षण केंद्र भी होगा, जिसमें आपदा की स्थिति में राहत व बचाव कार्य के तरीके बताए जाएंगे। साथ ही इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर व सामुदायिक सहभागिता केंद्र भी बनाए जाएंगे। सेंटर में आपदा पीड़ितों को राहत पहुंचाने, खोज व बचाव के उपकरणों की भी व्यवस्था होगी। सेंटर के जरिये आपदा से निपटने के लिए स्थानीय विशेषज्ञों से भी समन्वय बनाया जाएगा। बता दें कि बुंदेलखंड दैवी आपदाग्रस्त इलाका माना जाता है, ऐसे में यह सेंटर यहां उपयोगी साबित होगा।

### इन चार जिलों में आज से होगी स्कूल वाहनों की चेकिंग, 14 अधिकारियों की चार टीमें गठित

**बरेली।** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल के आदेश पर आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार ने 14 अधिकारियों की चार टीमें गठित की हैं। ये टीमें मंडल के चारों जिलों में स्कूल वाहनों की चेकिंग करेंगी। अनधिकृत स्कूल वाहनों की धरपकड़ के लिए बृहस्पतिवार से चार दिन तक मंडल के चारों जिलों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल के आदेश पर बुधवार को आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार ने 14 अधिकारियों की चार टीमें गठित की हैं। पिछले दिनों बदायूं में स्कूल बस और वैन की भिड़ंत में चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई थी। स्कूल वाहनों से हादसे न हों, इसके लिए अनधिकृत वाहनों पर अंकुश लगाने की तैयारी है। बृहस्पतिवार को बरेली में एआरटीओ जेपी गुप्ता के नेतृत्व में यात्रीकर अधिकारी मुन्ना लाल, बदायूं के रमेश चंद्र प्रजापति, शाहजहांपुर के होरीलाल वर्मा अभियान चलाएंगे।

**बदायूं में एआरटीओ के निर्देशन में चलेगा अभियान**

एक दिसंबर शुक्रवार को बदायूं में एआरटीओ बदायूं अंबरीश कुमार के निर्देशन में अभियान चलाया जाएगा। टीम में बदायूं के यात्रीकर अधिकारी रमेश चंद्र प्रजापति और बरेली के मुन्ना लाल रहेंगे। दो दिसंबर को पीलीभीत में एआरटीओ पीलीभीत वीरेंद्र सिंह, यात्रीकर अधिकारी वर्डिस चतुर्वेदी और शाहजहांपुर के यात्रीकर अधिकारी होरीलाल शामिल रहेंगे।

## बदायूं उर्स कादरी में शामिल होने बगदाद से आयें, सैयद अफीफद्दीन शहजादे गौसे आजम का उझानी में इस्तकबाल



संवाददाता

**उझानी बदायूँ।** नगर के कंगना पैलेस में बगदाद शरीफ से तशरीफ़ लाए सैयद अफीफउद्दीन जिलानी शहजादे गौसे आजम का मुस्लिम समाज के लोगों ने जोशो खरोस के साथ इस्तकबाल किया फूलों से,इस्तकबाल के बाद दो रोज़ा यानि बृहस्पति बार-व शुक्रवार को उर्स कादरी बदायूँ में शिरकत करेंगे, कंगना पैलेस में इस्तकबाल के दौरान मुन्ने मियां कादरी, मोहम्मद मियां कादरी, अब्दुल रब, अकबर अली, जमीर खान, रिफाकत सोहेल अंसारी, फैजल अंसारी, डा हबीब कादरी, आदि सहित हजारों की संख्या में लोगो ने फूलों से इस्तकबाल किया, जिसके बाद बदायूं में होने वाले उर्से कादरी के लिए रवाना हो हुए शहजादे गौसे आजम।

## 19 गांवों में पाइप से पहुंचेगा सिंचाई के लिए पानी

**झांसी।** गुरसराय विकासखंड के 19 गांवों में 400 करोड़ रुपये से सिंचाई के लिए पाइप से पानी पहुंचाया जाएगा। इसके लिए पारीछा में पंप हाउस बनाया जाएगा। सिंचाई विभाग ने प्रस्ताव को शासन की मंजूरी के लिए भेजा है। पहले प्रोजेक्ट में गुरसराय विकास खंड के 10 गांव शामिल थे। लेकिन, जनप्रतिनिधियों और किसानों की मांग के बाद इसमें नौ गांवों को शामिल किया गया। सिंचाई विभाग ने पिछले साल गुरसराय विकास खंड के 10 गांव में पानी की पाइपलाइन बिछाकर 8.8 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी देने की योजना तैयार की थी। इसकी लागत 250 करोड़ रुपये आंकी गई थी। प्रोजेक्ट में गुरसराय के ग्राम रोरा, बमुनिया, बकायन, बघोरा आदि को शामिल किया था। लेकिन, इन गांवों के आसपास के ग्रामीणों ने उनके गांव को भी योजना में शामिल करने की मांग की।

## मिशन शक्ति फेज 4 के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की जन जागरूकता रैली निकाली गई

अमित कुमार यादव

**उरई, जालौन।** मिशन शक्ति फेज 4 के तहत बुधवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर उरई से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की जन जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें कई सामाजिक संगठनों ने विद्यालय ,महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना होकर टाउन हॉल तक गई तथा आमजन से कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए ,बाल विवाह को रोकने के लिए तथा बेटियों की सुरक्षा संरक्षण तथा स्वालंबन की अपील लोगों से रैली के माध्यम से किया। रैली को रवाना करते हुए जिला प्रोवेशन अधिकारी डॉ अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन ने बताया की हम आम जनमानस से अपील करते हैं कि वह समाज में गिरते हुए लिंगानुपात को संतुलित करने के



लिए बेटियों के जन्म को हर्ष के रूप में मनाए तथा उन्हें जीने का अवसर प्रदान करें। बेटियां आज हर क्षेत्र में अपना एक नया मुकाम हासिल कर रही है उन्हें समाज में अवसर की समानता के तहत अवसर देने की आवश्यकता है, ताकि समाज परिवार देश इनके ऊर्जा का भरपूर सदुपयोग करते हुए अपनी उन्नति को प्राप्त कर सके। आज के कार्यक्रम में सामाजिक सरोकार रखने वाली सारी संस्थाओं ने प्रतिभाग किया तथा लोगों से अपील किया की बेटियां अनमोल है इन्हें सुरक्षित रखते हुए आगे बढ़ने का अवसर दें। सामाजिक कार्यकर्ता अलीम सर,शशि सोमेंद्र सिंह,डॉ ममता स्वर्णकार तथा जिला मिशन कोर्डिनेटर अलकमा अख्तर, वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक अंजना प्रवीणा सर्वेश तथा महिला कल्याण विभाग की ओर से आदर्श, जितेंद्र, सुरेश, वीर सिंह,रचना तथा समस्त कार्मिकों ने प्रतिभाग किया।

## थाना प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता की अध्यक्षता में व्यापारी वर्ग की मीटिंग संपन्न

❖ व्यापारी निर्भय होकर करे व्यापार थाना प्रभारी निरीक्षक एट।

संवाददाता के के श्रीवास्तव

**एट जालौन।** थाना कोतवाली एट में व्यापार मंडल के व्यापारियोंके साथ थाना प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता की अध्यक्षता में मीटिंग की गई और थाना प्रभारी निरीक्षक ने उच्च अधिकारियो के द्वारा दिए गए आदेशों व निर्देशों से अवगत कराया बताते चलें आज बुधवार को थाना प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने व्यापारियों की मीटिंग के दौरान कहा पुलिस प्रशासन ब शहर के व्यापारियों में आपसी तालमेल भाईचारा बनाए रखने को लेकर थाना परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया थाना प्रभारी निरीक्षक ने कहा व्यापारी



निर्भय होकर अपना व्यापार करें पुलिस प्रशासन हर समय व्यापारियों की सुरक्षा ब सहायता के लिए तैयार है उन्होंने कहा किसी भी व्यापारी को किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो वह पुलिस को बता सकता है तथा व्यापारियों वह पुलिस में भाईचारा व तालमेल बनाए रखने के लिए बैठक आगे भी जारी रहेगी बैठक के दौरान उन्होंने कहा बाजार में ज्यादा से ज्यादा गस्त की जाएगी और उन्होंने कहा अपने-अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाए ताकि किसी भी वारदात का समय रहते पता लगाकर रोक लगाई जा सके हम व्यापार मंडल व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर हैं व्यापारियों का शोषण नही होने दिया जाएगा और पुलिस सुरक्षा व सहायता के लिए हर समय तैयार है इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ताजी एट व उपनिरीक्षक रुद्र कुमार तिवारी एवं उप निरीक्षक शिव शंकर कॉ विकास कुमार व व्यापार मंडल के सदस्य लखन जी प्रमोद मित्तल डिंपल अग्रवाल शिवहरे जी जसराम पाल योगेश पटेल आदि दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

## वह रे वह तहसील सहसवान प्रशासन का खेल नगर में हैं पूरी तरह है अतिक्रमण



मुशाहिद रजा

**बदायूं।** सहसवान नगर में अतिक्रमण की बाहर आ चुकी है बता दें नगर के मुख्य चौराहा बाजार विल्सन गंज एवं तहसील रोड कचहरी के पास एवं अकबराबाद रोड, एवं बदायूं मेरठ राज्य मार्ग अकबराबाद चौराहे पर बस टेंपो एवं ठेले फल फरूट आदि के सड़क के बीचो-बीच जाम लगाकर दुकानदारी करते हैं प्रशासन इस तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा देखिए आज का ताजा हाल जिससे आपको भी पता लग जाएगा की सहसवान में अतिक्रमण ही अतिक्रमण है जबकि पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दे रहा है अतिक्रमण हटाने को बता दें सहसवान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सौरभ सिंह लगातार दुकानदारों एवं हाईवे पर चेतावनी दे रहे हैं कि अतिक्रमण न करें लेकिन उनके जाने के बाद ही अतिक्रमण पूरी तरह सहसवान में हावी है यह है इस वीडियो में आपको पता लग जाएगा।

# श्री राम ने तोड़ा धनुष,राम बारात आज

- बिलग्राम के कण कण मे रमेगे राम,निकलेगी ऐतिहासिक बारात
- कमेटी ने बैठक कर तैयारियों को दिया अन्तिम रुप
- बाबा मंशानाथ इण्टर कालेज से उठेगी रामबारात
- श्रीराम ने तोड़ा शिव का धनुष, आज विवाह
- लक्ष्मण और परशुराम में हुआ जमकर संवाद



बिलग्राम के राम बारात को लेकर तैयारियों की समीक्षा करते पदाधिकारी



धनुष यज्ञ की लीला का मंचन करते अयोध्या से आए कलाकार

द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला

**बिलग्राम।** कस्बे के बीजीआर कालेज मैदान पर रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला मे खास कार्यक्रम राम बारात जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था। कमेटी ने बैठक कर तैयारियों को अन्तिम रुप दे दिया। रामलीला के 7 वें दिन धनुष यज्ञ का मंचन किया गया। इससे पहले भगवान राम, लक्ष्मण के साथ असुरों का संहार करने के लिए वशिष्टि ऋषि के आश्रम में गये थे। वहीं पर खबर मिली कि राजा जनक ने गुरू वशिष्टि की आज्ञा पाकर भगवान राम ने धनुष को उठाकर तोड़ दिया। धनुष टूटते ही आकाश में बिजली कड़कने लगी। इसके बाद सीता के विवाह के लिए श्रीराम को वर के रूप में राजा जनक ने स्वीकृत दे दी।

**आज ऐतिहासिक राम बारात में जुटेगी भीड़**

बिलग्राम। कस्बे की परम्परा के अनुसार आज बाबा मंशानाथ इंटर कॉलेज के प्रांगण से विशाल ऐतिहासिक बारात निकलेगी। जिसमें रामरथ और झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगी। तीन बैंडबाजे और वाहनों से सजी लाइटिंग के साथ शाम 6 बजे ऐतिहासिक बारात पूरे नगर का भ्रमण करेगी। बारात की तैयारियों पूरी कर ली गयी हैं। सुरक्षा व्यवस्था चौकस रहेगी, अराजक तत्वों पर पुलिस की विशेष निगाहें रहेंगी। इसके लिए हुई बैठक में प्रबन्धक नीरज सिंह,महामं ी रामसेवक यादव, अध्यक्ष प्रदीप यादव ,संयोजक धर्मेन्द्र यादव,उपाध्यक्ष विजय गुप्ता, बबलू गुप्ता,प्रेम प्रकास श्रीवास्तव,मंचन प्रमुख परमाई लाल यादव, हरनाम कुशवाहा,अमित विश्वास,लालाराम राजपूत,मनोज यादव,अरविंद मौर्य,राजीव कुमार,सह संयोजक अजय राज,शैलेंद्र राठौर,शिवम यादव,शिवम कटियार,सहित कई लोग बैठक में शामिल हुए।

**इस तरह रहेगा रामबारात का इंन्तजाम**

- सुबह दस बजे कमेटी व कार्यकर्ता पहुचेगे मंशानाथ इण्टर कालेज
- बरेली,लखनऊ से आएगे झांकी के कलाकार,निकलेगी 20 झांकियां
- जमीन पर भी चलेगी रामसेना
- तीन बैन्डो के बीच होगा कम्पटीशन,दोनो की बेमिसाल तैयारियां
- साम को 6 बजे उठेगी बारात
- पूरे कस्बे का भ्रमण करते हुए रात का 1 बजे होगा समापन
- राम रथ पर सवार होगे श्रीराम,लक्ष्मण,भरत श ुघन व गुरुजी
- इस बार बारात मे रहेगी दूधिया रोशनी
- पुलिस की सुरक्षा के साथ तैनात होगे वालेन्टियर।

# अठारह वर्ष की आयु से कम मे विवाह होना चिंतनीय: कमिश्नर

❖ महिला सुरक्षा की जानकारी मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने अभियान चलाया। कुलश्रेष्ठ।

संवाददाता

**आगरा।** मिशन वात्सल्य एवं मिशन शक्ति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मंडलायुक्त शरितु माहेश्वरी तथा अपर पुलिस महानिदेशक जोन, अनुपम कुलश्रेष्ठ ने मंडलायुक्त सभागार में,दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपनिदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग, ऋतु महेश्वरी तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी ने मंडलायुक्त, रितु माहेश्वरी तथा विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक, अनुपम कुलश्रेष्ठ स्वागत किया। कार्यशाला में मिशन वात्सल्य पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास पर 03 सत्र आयोजित किए गए, साथ ही खुला सत्र में प्रश्नोत्तरी तथा समूह चर्चा भी की गई एवं कार्यक्रम स्थल पर आकर्षक सेल्फी प्वाइंट, तथा विभिन्न योजनाओं की स्टैंडी तथा होर्डिंग पंफलेट व डिस्प्ले के माध्यम से महिला एवं बाल विकास हेतु सरकार की योजनाओं तथा कार्यक्रम की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन वात्सल्य एवं मिशन शक्ति बालक, बालिकाओं तथा महिलाओं से जुड़ी अंब्रेला योजना है, उन्होंने इन योजनाओं के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि हितधारकों को सुरक्षित, संरक्षित रखना तथा अपने पैरों पर खड़े कर शसक्तीकरण करना है, नवरात्रि के समय मिशन शक्ति तथा संबंधित विभागों ने इस क्षेत्र में अच्छा काम किया तथा योजनाओं की जानकारी तथा जागरूकता अभियान चलाया लेकिन अभी जमीन पर यथा न्याय व ग्राम पंचायत, नगर पालिकाओं स्तर पर प्रचार प्रसार व जन जागरूकता की कमी है कोई एक विभाग नही सभी संबंधित विभागों द्वारा योजनाओं के प्रति जागरूकता का समन्वित रूप से कार्य किया जाए, कार्यशाला में सभी अधिकारी स्वयं जानकारी लें तथा इसे जमीनी स्तर तक ले जाएं, उन्होंने कहा की जन्म से मृत्यु तक सभी चक्रों को सरकार की योजना संतृप्त करती हैं लेकिन योजनाओं का क्रियान्वयन तथा प्रचार प्रसार की आवश्यकता है, उन्होंने आह्वान किया कि चुप्पी तोड़ें, आवाज उठाए, पुलिस विभाग द्वारा भी ऑपरेशन मिशन जागृति चलाया है, अब पुलिस विभाग भी सक्रिय भूमिका में है पहले पुलिस विभाग में भी संवाद की कमी रहती थी, मंडलायुक्त ने बताया कि मंडल में 18 वर्ष से कम आयु की बालक बालिकाओं का विवाह चिंताजनक है, इस पर काम करने की जरूरत है। संरक्षण ग्रह किशोर गृह ठीक से कार्य करें, आर्थिक सहायता हेतु भी सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं को संचालित किया जा रहा है। सामाजिक जागरूकता पर प्रभावी कार्य कर सामाजिक चिंतन में बदलाव लाऐं। उन्होंने कुपोषित बच्चों की बढ़ती संख्या पर चिंता जाहिर की तथा कहा कि कार्यशाला से जानकारी लेकर नीचे तक थाना, तहसील ब्लॉक ग्राम पंचायत स्तर तक दें तथा सबसे पिछड़े, महिला, बच्चों तथा अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कराएं, अंत में मंडलायुक्त ने सभी का धन्यवाद दिया। कार्यशाला को अपर पुलिस महानिदेशक अनुपम कुलश्रेष्ठ ने संबोधित करते हुए कहा कि मिशन वात्सल्य बच्चों तथा मिशन शक्ति महिलाओं के लिए,सरकार ने इनके सर्वांगीण विकास हेतु चलाई है, ऐसे बच्चे जिन ने कोविड के समय अपने अभिभावक खोए उनको हर तरीके से सामाजिक, शैक्षिक देखभाल, परवरिश की जा रही है, मातृ वंदना योजना, सामूहिक विवाह, निराश्रित महिला, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं, पुलिस विभाग भी गांव में चौपाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दे रहा, महिलाओं एवं बालकों को सुरक्षित, सक्षम शक्तिशाली बनाने हेतु पुलिस द्वारा 20 अक्टूबर से 03 माह का ऑपरेशन जागृति शुरू किया है ग्राम पंचायत स्तर तक यौन अपराध, साइबर बुलिंग, घरेलू हिंसा आदि बिंदुओं पर जागरूकता कार्यक्रम चला रहे हैं।

**कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपनिदेशक, महिला एवं बाल विकास**

श्रुति शुक्ला ने कहा कि भारत सरकार द्वारा महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपने सभी प्रमुख कार्यक्रम को दो प्रमुख अम्ब्रेला योजनाओं- मिशन शक्ति एवं मिशन वात्सल्य-के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। दोनों योजनाओं का मुख्य लक्ष्य महिलाओ, तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास व उनके संरक्षण एवं सशक्तिकरण को सुनिश्चित किया जाना है। मिशन वात्सल्य का लक्ष्य है जोखिमपूर्ण एवं कठिन परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना। योजना के अंतर्गत नवाचार और को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण के उद्देश्य से मिशन शक्ति योजना शुरू की गई है। जिसके अर्न्तगत विभिन्न विभागों के कर्न्वेजन्स के माध्यम से मिशन के लक्ष्यों की प्राप्त किये जाने को महत्वता दी गई है। प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग और यूनिसेफ द्वारा संयुक्त तत्वाधान में प्रत्येक मंडल में इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ऐसी कार्यशालायें आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यशालाओं को मुख्य उद्देश्य मंडल एवं जनपद स्तर पर कार्यरत् विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कार्मिकों के मध्य मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति योजनाओं के क्रियान्वयन पर समझ विकसित करना तथा विभागों के मध्य कन्वर्जेंस् को बढ़ावा देना है। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को मिशन वात्सल्य के अंतर्गत संस्थागत देखरेख, गैर संस्थागत देखरेख व कन्वर्जेंस आवश्यकताओं और धटकों तथा मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत उपयोजनाओं संबल और सामर्थ्य के मुख्य घटकों और के बारे में संवेदित किया गया। साथ ही मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति से संबंधित मंडल स्तरीय कार्ययोजना का निर्माण किया गया। मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी द्वारा कार्यशाला के दौरान कहा गया कि विभिन्न जनपदों में महिलाओं तथा बच्चों के संरक्षण, विकास और सशक्तिकरण से संबंधित संकेतकों में सुधार हमारी प्राथमिकता है।

उन्होनें सभी मुख्य विकास अधिकारियों को संकेतकों में सुधार के लिये रोडमैप बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जोखिमपूर्ण परिस्थितियों वाली महिलाओं को मुख्यधारा में लाने के प्रयास करेंगें तो बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण और पुर्नवास स्वतः ही संरक्षित हो जायेगा। मंडल के जनपदों में बाल विवाह तथा जन्म के समय निंगानुपात के संकेतक सुधरने चाहिये, प्रदेश और राष्ट्रीय आंकड़ो से पीछे होना चिंताजनक है। उन्होनें कहा कि आगामी माह से प्रत्येक माह महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की मंडल स्तर पर भी समीक्षा की जायेगी। मौके पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक आगरा ज़ोन अनुपम कुलश्रेष्ठ द्वारा ज़ोन में उनके नेतृत्व में शुरू किये गये ऑपरेशन जागृति के संबंध में अवगत कराते हुये कहा गया कि ऑपरेशन जागृति उ0प्र0 के मिशन शक्ति अभियान को बल देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ऑपरेशन के अंतर्गत हम 4 मुख्य थीम यथा महिलाओं के विरूद्ध हिंसा व साइबर हिंसा के पर जागरूकता, बढ़ाते हुये झूठे प्रकरणों और युवाओं के प्रेम-संबंधों के प्रकरणों में परिवारों द्वारा दर्ज किये जा रहे प्रकरणों पर रोकथाम हेतु जन-जागरूकता करने के प्रयास हैं। उन्होंनें आगे कहा कि ऑपरेशन मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति योजनाओं के उद्देश्यों को पूरा करने में सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपरधों का उनपर गहरा असर होता है इसलिए हमें एकजुट होकर इनके विरुद्ध आवाज उठानी होगी और महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित करना होगा।

## एक नज़र

### सड़को को गड्ढा मुक्त बताने पर पी डब्लू डी के अधिकारियो को मंडलायुक्त पिलाई डांट

**आगरा।** आगरा मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने विकास कार्य संबंधी बैठक हुई। बैठक में संयुक्त आयुक्त आगरा मंडल, आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद और मैनपुरी जिले के मुख्य विकास अधिकारी, सीएमओ, पीडब्ल्यूडी, यूनिसेफ, पशुपालन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में प्राथमिक शिक्षा, आंगनबाड़ी, ओडीओपी, सड़क, आयुष्मान भारत योजना, मॉडल विलेज, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, खेलकूद इत्यादि विषयों पर सीडीओ द्वारा विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। मंडलायुक्त ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के आवासीय विद्यालयों को संतृप्त किये जाने की प्रगति रिपोर्ट देखी। मंडलायुक्त ने अच्छे निजी स्कूल की तरह ही प्राथमिक स्कूलों को शत प्रतिशत संतृप्त बनाये जाने के निर्देश दिए। क्वालिटी एजुकेशन को लेकर अवगत कराया गया कि बच्चों में शैक्षिक विकास हेतु वर्ष में दो बार निपुण टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से मंडल के लगभग 51 प्रतिशत बच्चों को निपुण बनाया गया है। लेकिन मंडलायुक्त ने अभी हाल में फिरोजाबाद जनपद में प्राथमिक विद्यालयों में किए गए निरीक्षण को लेकर नाराज होते हुए कहा कि प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों का विकास सही से नहीं हो रहा है। सवाल पूछने पर जबाव देने से घबराते हैं। उनका कॉन्फिडेंस लेवल अच्छा नहीं है। शिक्षक भी ठीक से नहीं पढ़ा रहे हैं। मंडल आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी प्राथमिक विद्यालयों में सत प्रतिशत शिक्षकों की उपस्थिति होनी चाहिए, जो बच्चे पढ़ने नहीं आ रहे हैं उनके अभिभावकों के साथ काउंसलिंग की जाए। बेसिक शिक्षा विभाग और यूनिसेफ संस्था के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूल के बच्चों को हाइजीन के प्रति जागरूक बनाएं। एक अभियान चलाकर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाते हुए समझाया जाए किस तरह से उन्हें हाथ धोना और नहाना है। जो बच्चे जिला स्तर पर और मंडल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करें उन्हें प्रोत्साहन के रूप में पुरस्कृत किया जाए ताकि अन्य बच्चे भी उनसे प्रेरित लें। एक जनपद एक उत्पाद को लेकर मंडल आयुक्त ने मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके जनपद में स्वयं सहायता समूहों द्वारा जो चयनित उत्पाद तैयार किया जा रहा है, उसकी पैकेजिंग, प्रचार प्रसार और बिक्री किस तरह से होगी इसका पूरा एक ढांचा तैयार किया जाए। 15 दिसंबर तक प्रत्येक जनपद का ओडीओपी उत्पाद और मंडल का संयुक्त उत्पाद को लांच किया जाए। आधी आबादी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वयं सहायता समूहों को साथ लेकर सैनेटरी नैपकिंस के उत्पादन एवं बिक्री से संबंधित प्रस्तुतिकरण देखा। पैकेजिंग, बेहतर गुणवत्ता और बाजार दर से कम दर निर्धारित करते हुए ही बिक्री करवाने के निर्देश दिए। आगरा मंडल में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा अभी तक शत प्रतिशत सड़कों को गड्ढा मुक्त न किये जाने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने टूंडला रोड पर किए गए घटिया पेच वर्क पर भी पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को लताड़ लगाई। सड़क बनाने के नाम पर नगर निगम के बिजली पोल हटवा लिए लेकिन काम अभी तक शुरू नहीं किया गया। इसे लेकर मंडलायुक्त ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दी कि वे जल्द ही आगरा मंडल में जनपद की सभी सड़कों का निरीक्षण करेंगी। उनके निरीक्षण से पहले सभी काम सत प्रतिशत गुणवत्ता के साथ पूरे हो जाने चाहिए अन्यथा इस बार संबंधित अधिकारी को तलब कर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं मुख्य विकास अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे भी स्वयं पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा गड्ढा मुक्त की जा रही और बनाई गयी नई सड़क का निरीक्षण कर लें। आयुष्मान कार्ड लाभार्थी की संख्या की सापेक्ष सिर्फ पांच प्रतिशत इस योजना का लाभ लेने वाले की स्थिति देखते हुए मंडल आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयुष्मान योजना का लाभ उठाने वाले लाभार्थियों के पांच प्रतिशत को हमें 10न्न तक ले जाना है। इसके लिए सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में आयुष्मान हेल्प डेस्क लगाए जाएं। जितने भी लाभार्थी हैं उनके रजिस्टर्ड नंबरों पर टैक्स मैसेज भेज कर उन्हें इस योजना के प्रति जागरूक बनाया जाए। वहीं सीएचसी और पीएचसी में अक्सर डॉक्टर उपस्थित न रहने और गंदगी मिलने की शिकायत मिलने पर मंडल आयुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी सरकारी अस्पतालों और सीएचसी पीएचसी में डॉक्टर, स्टाफ कर्मचारी हमेशा मौजूद होना चाहिए। दवाइयां की उपलब्धता रहनी चाहिए। मरीजों की सभी तरह की जांच से हो इसके लिए सुनिश्चित किया जाए कि सभी मशीन क्रियाशील रहे। भविष्य में अगर कोई लापरवाही मिलती है तो उसके खिलाफ सीडीओ को विभागीय कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। मॉडल विलेज को लेकर मंडल आयुक्त ने मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि मॉडल विलेज से संबंधित जितने बिंदु हैं, क्या संतृप्त हो चुका है क्या करना बाकी है, यह देखते हुए ही एक्शन प्लान बनाकर काम किया जाए। आंगनबाड़ी केंद्र पर पूरी टीम और किट उपलब्ध होनी चाहिए। कोई भी बच्चा कुपोषित ना हो इसकी समय-समय पर जांच होती रहे। आगरा मंडल में लिंग अनुपात में बढ़ती असमानता, 18 वर्ष से कम आयु में विवाह को लेकर मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि इस दिशा में भी काम करने की जरूरत है। स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा और महिला एवं बाल कल्याण विभाग के आपसी समन्वय से ही इसमें सुधार लाना संभव हो सकेगा। खेलकूद प्रोत्साहन को लेकर मंडल आयुक्त ने निर्देश दिए कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जो स्टेडियम बने हुए हैं उनका जीर्णोद्धार कराया जाए। जनपद के हिसाब से छोटे-छोटे स्पोर्ट्स कंपलेक्स बनाए जाएं। ग्रामीण खेलकूद को भी बढ़ावा दिया जाए।

# उद्योग तथा वाणिज्य बंधु समिति की बैठक संपन्न

संवाददाता



**आगरा।** जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु तथा वाणिज्य बंधु समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में औद्योगिक आस्थान नुनिहाई में भूखंड स.160 के आगे रेलवे लाइन पुलिया तक निर्मित नाले का निकास आगे न होने से मौके पर जलभराव की समस्या को रखा गया, जिसमें बताया गया कि समस्या के स्थाई समाधान हेतु प्रबंध निदेशक उ.प्र.लघु एवं उद्योग विभाग को रेलवे की जमीन लेने हेतु 1 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा गया है,जिस पर विचार किया गया तथा सम्पूर्ण प्रकरण को मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में विचार हेतु अग्रसारित किया गया। बैठक में हाथरस रोड पर रामबाग से टेढ़ी बगिया तक इंटरलॉकिंग का कार्य पूर्ण कराये जाने की मॉग विषयक प्रस्ताव पर अभी तक प्रभावी कार्यवाही न होने पर एनएचएआई के उच्च अधिकारियों को आगरा में तैनात अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु लिखने के निर्देश दिए गए, बैठक में,औद्योगिक क्षेत्र-फाउण्ड्री नगर,आगरा में प्रकाश व्यवस्था,सड़क निर्माण /मरम्मत, साफ-सफाई विषयक बिंदु पर विचार किया गया, लेकिन बैठक में क्षेत्रीय प्रबंधक उ.प्र.राज्य उद्योग विकास प्राधिकरण आगरा तथा वरिष्ठ प्रबंधक(सिविल) उ.प्र.राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के बैठक में अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण जारी करने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र-सिकन्दरा,साइट-ए व बी की सड़कों का निर्माण / मरम्मत की मॉग विषयक प्रस्ताव को नगर निगम को शीघ्र कार्य पूर्ण करने तथा औद्योगिक आस्थान, नुनिहाई, आगरा में स्थित भूखण्ड सं0-165बी व 165 सीके पुर्नजीवीकरण के सम्बन्ध में प्रस्ताव को आगामी बैठक में विचार करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर नगरायुक्त विनोद कुमार,संयुक्त आयुक्त उद्योग, अनुज कुमार, एसीपी ताज सुरक्षा अरीब अहमद , व्यापार मंडल अध्यक्ष टीएन अग्रवाल, बलवीर शरण गोयल, सीताराम अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## शहडोल पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मतगणना से संबंधित मीटिंग हुई आयोजित



ब्यूरो चीफ संभाग जियाउद्दीन अंसारी

**शहडोल।** मध्यप्रदेश के शहडोल जिले मे शहडोल पुलिस अधीक्षक श्री कुमार प्रतीक द्वारा दिनांक 03/12/2 023 को होने वाली मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन मतगड़ना के संबंध मे पुलिस अधीक्षक कार्यालय शहडोल में मीटिंग आयोजित किया गया । मीटिंग मे मतगड़ना ड्यूटी हेतु आवश्यक दिशानिर्देस दिए गए विधानसभा चुनाव में मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की गई एवं शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय शहडोल में पर्यास सुरक्षा व्यवस्था लगाने हेतु दिशानिर्देश दिया गया एवं यातायात व्यवस्था और पार्किंग व्यवस्था हेतु उपुअ यातायात को निर्देशित किया गया। मतगणना स्थल पर दशहरा मैदान मे पार्किंग की व्यवस्था की गई है। आज की इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री अंजुलता पटले, उप पुलिस अधीक्षक श्री राघवेन्द्र द्विवेदी,उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री मुकेश दीक्षित,उप पुलिस अधीक्षक महिला प्रकोष्ठ श्रीमती अंकित सुल्या , रक्षित निरीक्षक शहडोल श्री दीपेंद्र कुशवाह, थाना प्रभारी सोहागपुर आजाक एवं महिला थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## शहडोल पुलिस ने सभी बैंको कि सुरक्षा के मापदण्डों का किया निरीक्षण



प्रमुख संवाददाता विवेक दुबे

**शहडोल।** शहडोल जिले के बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन करने हेतु पूलिस अधीक्षक शहडोल श्री कुमार प्रतीक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को न्दिेशित किया गया। जिसके पालन में सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रंतर्त सभी बैंकों की सुरक्षा की जांच की गई। शहडोल मुख्यालय स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा, सेंट्रेल बैंक, एचडीएफसी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, देना बैंक, आईरडीएफसी, बैंक ऑफ इंडिया, यश बैंक आदि बैंकों के शाखाओं का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही जिले के अन्य अनुभागों में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने थाना क्षेत्रांतर्गत आने वाले बैंको का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बैंकों के प्रबंधकों से चर्चा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगे गाडों की चेकिंग की गई। सी.सी.टी.व्ही., आपातकाल दरवाजा, खिड़कियों, अग्निशामक उपकरणों की चेकिंग की गई। बैंकों की पार्किंग व्यवस्था की चेकिंग की गई।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया स्टूंग रूम का निरीक्षण

## मतगणना सुरक्षा हेतु दिये निर्देश

जिला प्रमुख शहडोल विजय कुमार विश्वकर्मा



**शहडोल।** दिनांक 29.11.23 को पुलिस अथीक्षक शहडोल श्री कुमार प्रतीक द्वारा पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर का दौरा कर वहां म. प्र. विथानसभा चुनाव की मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मतगणना परिसर में प्रवेश सिर्फ पास धारियों को प्रवेश दिया जाएगा। अनाथिकृत व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। स्ट्रांग रूम परिसर में त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लगायी गई है। जिसमें जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को डियूटी हेतु लगाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने मतगणना हॉल का अवलोकन कर पायी गई कमियों को दूर कराने हेतु निर्देशित किया। गेट पर सम्पूर्ण चेकिंग हेतु मेटल डिटेक्टिंग डिवाइज डी.एफ.एम.डी./ एच.एच.एम.डी. लगायी जाएगी एवं महिला पुलिस कर्मियों को भी डियूटी हेतु लगाया जाएगा। मतगणना के दौरान सम्पूर्ण परिसर पर सी.सी.टी.व्ही कैमरा से नजर रखी जाएगी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री अंजुलता पटले, रक्षित निरीक्षक दीपेन्द्र कुशवाह एवं अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### 39 मिनट में आठ ताले तोड़े, ले उड़ा 16 लाख का माल

**आगरा।** आगरा की आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर सात में साइकिल पर आए एक चोर ने 39 मिनट में आठ ताले तोड़कर 15 लाख रुपए के जेवरात और एक लाख नकदी की चोरी कर ली। कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति के आवास के पास दवा व्यापारी के घर में हुई वारदात करने वाला चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस अब उसकी तलाश में लगी है। जेवरात और नकदी को एक थैले में भरकर ले गया था। आवास विकास कॉलोनी निवासी दवा व्यवसायी नरेंद्र सिंह सिसौदिया के घर में वारदात हुई। गुरुग्राम में बेटा सर्जिकल कंपनी में नौकरी करता है। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह 24 नवंबर को पत्नी के साथ बेटे के घर गए थे। घर पर ताला लगा हुआ था। 25 नवंबर की रात 9:00 बजे भाई देवेंद्र ने फोन करके बताया कि घर में चोरी हो गई है। इस पर वह पहुंच गए। सूचना पर पुलिस आ गई।

## निराश्रित गोवंश के सरंक्षण को जिलाधिकारी बनाएं एक्शन प्लान, पुलिस अधिकारी करें सहयोग - मंडलायुक्त



संवाददाता

**आगरा।** आवारा एवं निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए चलाए जा रहे विशेष गौ संरक्षण अभियान की मंडलीय समीक्षा हेतु मंडलायुक्त श्रितु माहेश्वरी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई ।जिसमें आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद और मैनपुरी जिले के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, नगरायुक्त सहित पशुपालन, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, नगर विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मंडलायुक्त ने ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में नवीन अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल निर्माण की स्थिति, सरंक्षित किये गए गौवंश, निराश्रित गोवंश को पकड़ने हेतु विशेष दस्ते और कैटल कैचर वाहन के साथ गौशालाओं की व्यवस्था इत्यादि को लेकर समीक्षा की। बैठक मे अपर निदेशक पशुपालन विभाग डा विवेक कुमार द्वारा उपरोक्त बिंदुओं पर जिलेवार रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। जिसके अनुसार आगरा जिले में 6000 गोवंश सरंक्षित किया जाना है जिसमें से 2086 गोवंश सरंक्षित हो चुके हैं जबकि 3914 सरंक्षित किये जाना बाकी है। मथुरा में 2100 के सापेक्ष 1293 गोवंश सरंक्षित किये गए हैं जबकि 1707 बाकी हैं। फिरोजाबाद में 1500 के सापेक्ष 936 निराश्रित गोवंश का सरंक्षण हुआ है जबकि 564 बाकी हैं। मैनपुरी में 1500 के सापेक्ष 718 गोवंश सरंक्षित किये गए हैं जबकि 1372 सरंक्षित किये जाने बाकी है। वहीँ वर्तमान में आगरा में 12, मथुरा में 8, फिरोजाबाद में 9 और मैनपुरी में 8 आश्रय स्थल/गौशालाएं हैं जो कि सरंक्षित किये जाने वाले गोवंश की क्षमता के अनुरूप कम है। उपरोक्त स्थिति में आगरा और मथुरा जिले में लक्ष्य के सापेक्ष बहुत कम निराश्रित गोवंश को सरंक्षित किया गया है। जिस पर मंडलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आगरा जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि तय लक्ष्य से काफी पीछे हैं। जिले में जितने भी स्थायी और अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल हैं उसमें क्षमता के अनुरूप निराश्रित गोवंश को सरंक्षित किया जाए। अपने स्तर से सभी अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्धारित समय व लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए रणनीति तैयार करें। नगर पालिका, नगर निगम भी इसमें गंभीरता से काम करें। अगर कहीं लापरवाही होती है तो अपने स्तर से जिम्मेदारों के ख़िलाफ़ विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करें। वहीँ मथुरा जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि सड़कों पर अक्सर आवारा गोवंश के अलावा पालतू गोवंश भी दिखाई देते हैं। इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। गोवंश पालने वालों पर शिकंजा कसा जाए। न मानने पर जुर्माना लगाएं। यहां अक्सर वीआईपी-वीवीआईपी का मूवमेंट लगा रहता है, इसलिए यहां गंभीरता से काम करने की जरूरत है। मंडलायुक्त ने आगरा और मथुरा में निर्धारित क्षमता के अनुरूप निराश्रित आश्रय स्थलों की संख्या बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। निराश्रित गोवंश को पकड़ने वाले विशेष दस्ते, कैटल कैचर वाहन, गौशाला के संचालन हेतु भरण पोषण, केअर टेकर, सहभागिता लाभार्थी और उपयोगिता प्रमाण पत्र इत्यादि की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां-जहां कैटल कैचर वाहन की कमी है, उसे पूरा करें। भरण-पोषण को लेकर फण्ड की मांग को शासन को भेजें। सभी गौशालाओं में केअर टेकर नियुक्त होने चाहिए। उपयोगिता प्रमाणपत्र लेने हेतु शासन को समय से भुगतान कर दिया जाए। साथ ही सहभागिता लाभार्थियों के भुगतान करने हेतु 2-3 दिन में ही डेटा अपडेट किया जाए। मंडलायुक्त ने पुलिस अधिकारियों से भी आग्रह किया कि आपको हर क्षेत्र की जानकारी रहती है, इसलिए आपके यहाँ जहां भी निराश्रित गोवंश ज्यादा दिखते हैं उसे चिन्हांकन कर प्रशासन को अवगत कराएं। आवारा गोवंश को आश्रय स्थल भेजने में जहां भी परेशानी आती है तो उसमें विभाग का सहयोग करें। बैठक के अंत में मंडलायुक्त ने स्पष्ट तौर पर निर्देश देते हुए कहा कि निराश्रित गोवंश सरंक्षण अभियान में तेजी लाने की जरूरत है। जिलाधिकारी संबंधित सभी विभागों के साथ बैठकर एक्शन प्लान बनाएं। सुनिश्चित करें कि 31 दिसंबर के बाद कहीं भी छुट्टा या आवारा गोवंश घूमते हुए नहीं दिखाई दें। सभी आश्रय स्थल और गौशालाओं की व्यवस्था में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। सर्दी से बचाव और हरे चारे के उपयुक्त इंतजाम होने चाहिए। वर्तमान में जितने भी नवीन आश्रय स्थल का निर्माण चल रहा है उन्हें जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इस अभियान को पूरे होने में समय कम है, इसलिए सभी को गंभीरता से काम करने की जरूरत हैं। जहां भी लापरवाही होती है जिलाधिकारी अपने स्तर से उनके ख़िलाफ़ कार्यवाही करे।

# MPEB का लाइनमैन रामधीन और मीटर रीडर करण सिंह पांच हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

संवाददाता




**आगर मालवा।** मध्यप्रदेश के आगर-मालवा जिले में उज्जैन लोकायुक्त ने कार्रवाई की है। कार्रवाई में एमपीईबी के लाइनमैन और मीटर रीडर को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। दोनों ने ये रिश्वत विद्युत कनेक्शन के लिए मांगी थी। आगर-मालवा में दरबार सिंह सौंधिया पिता इंदर सिंह निवासी ग्राम बरखेड़ा बड़ौद ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन संभाग अनिल विश्वकर्मा को शिकायत की थी। शिकायत में बताया कि मेरी कृषि भूमि पर मोटर चलाने के लिए विद्युत कनेक्शन प्राप्त करने के लिए डेढ़ दो महीने पहले आवेदन दिया गया था। वहीं, गुराडिया ग्रिड के लाइनमैन रामधीन अहिरवार और आउटसोर्स कंपनी के मीटर रीडर करण सिंह गुर्जर द्वारा 11,000 रुपये की मांग की गई। साथ ही कहा कि तुम्हें बिजली कनेक्शन की जरूरत नहीं है। हम लोग ही आपका क्षेत्र देखते हैं तथा आपको कोई समस्या नहीं आएगी। सत्यापन के दौरान आवेदक द्वारा राशि कम करने का कहने पर पांच हजार रुपये में बात तय हुई। 21 नवंबर को गुराडिया ग्रिड पर रिश्वत की राशि लाइनमैन अहिरवार की उपस्थिति में करण सिंह ने जैसे ही हाथों में ली। आसपास तैनात लोकायुक्त टीम ने दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके पर कार्रवाई जारी है। लोकायुक्त टीम में उप पुलिस अधीक्षक सुनील तालान, उप पुलिस अधीक्षक राजेश पाठक सहित इसरार, संदीप, श्याम, महेंद्र और नीरज शामिल हैं।

# एक ओडिशा आदमी को तमिलनाडु की राजनीति में शीर्ष पर होने पर गर्व है

संवाददाता



**ओड़िशा, भुवनेश्वर।** बी के पांडियन बीजेडी के लिए काम करते थे. आज आधिकारिक तौर पर बी.जे.डी में शामिल हो गया। ये कोई आश्चर्य की बात नहीं है. तमिलनाडु में चुनाव प्रचार करते हुए एक तमिल शख्स ओडिशा में राजनीति कर रहा है. यह सही नहीं है लेकिन मुझे खुशी होगी अगर उड़िया का बेटा तमिलनाडु में राजनीति कर रहा हो। पूर्व प्रशासनिक अधिकारी भि के पांडियन को आज बीजू जनता दल में विवादास्पद तरीके से शामिल किये जाने के बाद पूर्व मुख्य प्रशासनिक सचिव और कांग्रेस अभियान समिति के अध्यक्ष विजय पटनायक ने ऐसा बयान दिया है.विजय ने कहा, प्रशासनिक अधिकारी भि के पांडियन बिजेड़ी का प्रबंधन कर रहे थे. वह काम करते हुए परोक्ष रूप से राजनीति भी कर रहे थे. आज महफ़िल में घमासान मच गया. अब वह सीधे राजनीति करेंगे. इसमें कुछ भी नया नहीं है. लेकिन मसला ये है कि अब तमिलनाडु में एक वीडियो वायरल हो रहा है. वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे एक तमिल शख्स ओडिशा में राजनीति कर रहा है. तमिल लोग इससे खुश हैं. अगर कोई ओड़िआ तमिलनाडु में ऐसा करेगा तो हमें खुशी होगी। इसी तरह, विजय ने कहा कि बीजेडी में पांडियन की भूमिका क्या होगी? पार्टी क्या पद देगी? पार्टी के नेता उन्हें कैसे स्वीकार करेंगे यह BJD का आंतरिक मामला है। इसका कांग्रेस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वहीं, कांग्रेस विधायक सूर रौतराई ने कहा कि वह लंबे समय से बीजेजे के लिए काम कर रहे हैं. आज टीम में शामिल हुआ. लोग पहले से ही जानते हैं कि राज्य में कौन अक्षम है. इसलिए आगामी चुनाव में जनता कांग्रेस का समर्थन करेगी। 3 दिसंबर को 5 राज्यों के नतीजे आने के बाद कांग्रेस का प्रभाव और बढ़ेगा। दूसरी ओर, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी वीके पांडियन आज बीजेजे में शामिल हो गए हैं, जिससे लंबे समय से चली आ रही बहस पर विराम लग गया है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने उनका स्वागत किया और बीजेसी में शामिल किया. ज्ञात हो कि विजय पटनायक ने सरकारी नौकरी में रहते हुए वीके पांडियन के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए केंद्रीय श्रम मंत्रालय से हस्तक्षेप की मांग की थी।

## हिमाचल हाईकोर्ट में भाजपा की याचिका मंजूर, सरकार से मांगा जवाब

एजेंसी

**शिमला।** विधायकों को वोट का अधिकार के खिलाफ दायर भाजपा की याचिका हिम ाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने मंजूर कर ली है। हाईकोर्ट ने मामले में प्रदेश सरकार से चार हफ्ते में जवाब मांगा है। नगर निगमों में विधायकों को वोट का अधिकार के खिलाफ दायर भाजपा की याचिका हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने मंजूर कर ली है। हाईकोर्ट ने मामले में प्रदेश सरकार से चार हफ्ते में जवाब मांगा है। बुधवार सुबह हाईकोर्ट में याचिका पर सुनवाई हुई। बता दें कि सोलन नगर निगम में भाजपा पार्षद शैलेंद्र गुप्ता ने हाईकोर्ट में विधायकों को वोट अधिकार के खिलाफ याचिका दायर की है। उन्होंने निगम एक्ट का उल्लंघन बताते हुए विधायकों के वोटिंग अधिकार को खत्म करने की मांग उठाई है। उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर ठाकुर ने बताया कि हाईकोर्ट ने भाजपा पार्षद की याचिका मंजूर कर ली है और सरकार को चार सप्ताह में जवाब देना है।

# एक नज़र

## चेन्नई से पुणे आ रही भारत गौरव ट्रेन के 40 यात्रियों की अचानक बिगड़ी तबीयत, वजह जानकर रह जाएंगे दंग




**पुणे।** रेल मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, खाने की सेवा एक निजी कंपनी द्वारा दी जा रही है। अगर कंपनी की गलती पाई जाती है तो इसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। चेन्नई से पुणे आ रही भारत गौरव ट्रेन के करीब 40 यात्रियों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। बताया जा रहा है सभी फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुए हैं। रेल मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, खाने की सेवा एक निजी कंपनी द्वारा दी जा रही है। अगर थोड़ी भी कंपनी की गलती निकलती है तो मंत्रालय इसके खिलाफ कार्रवाई करेगा। रेलवे अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि यह घटना मंगलवार को शाम की है। पुणे में 50 मिनट रुकने के बाद ट्रेन अपनी आगे की यात्रा पर रवाना हो गई थी। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शिवराज मानसपुरे ने कहा कि %भारत गौरव% को एक समूह ने पालिताना में एक धार्मिक यात्रा के लिए निजी तौर बुक किया था। उन्होंने कहा कि इस समूह ने बाहर से भोजन खरीदा था। इसकी आपूर्ति रेलवे ने नहीं की थी।

## हिमाचल में बारिश-बर्फबारी के आसार, जानें 5 दिसंबर तक का मौसम पूर्वानुमान



**शिमला।** मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 1 दिसंबर को भी कुछ भागों में मौसम खराब बना रहने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश के कई क्षेत्रों में 30 नवंबर को बारिश और बर्फबारी की संभावना है। कई क्षेत्रों में अंधड़ चलने व बिजली चमकने का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 1 दिसंबर को भी कुछ भागों में मौसम खराब बना रहने की संभावना है। 2 दिसंबर से पूरे प्रदेश में मौसम रहने का पूर्वानुमान है। इस दौरान धूप खिलने से ठंडक होने के आसार हैं। बुधवार को राजधानी शिमला सहित अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ रहा। हालांकि, राजधानी में हल्के बादल भी छाए रहे। ऊना में अधिकतम तापमान 25.6, सुंदरनगर 24.2, भुंतर 23.0, नाहन-सोलन 22.0, कांगड़ा 21.3, चंबा 20.5, धर्मशाला 19.5, शिमला 17.5, मनाली 16.0, मंडी 14.8 और कल्पा में 13.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। उधर, मंगलवार रात को समदो में न्यूनतम तापमान 1.2, कल्पा2.2, नारकंडा 4.5, रिकांगपिओ 5.8, शिमला 7.2, ऊना 8.3, धर्मशाला 10.2, कांगड़ा 10.3, मनाली 7.1 और नाहन में 12.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## कल आएंगे एग्जिट पोल्स, जानें 2013 और 2018 में कितना सटीक रहा था आकलन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए एग्जिट पोल्स के प्रकाशन पर लगा प्रतिबंध 30 नवंबर को शाम छह बजे तेलंगाना में वोटिंग खत्म होने के साथ ही समाप्त हो जाएगा। इसके बाद तमाम न्यूज चैनल्स और संस्थाओं के एग्जिट पोल्स भी सामने आएंगे। इस बार चुनाव बेहद गहमागहमी भरे माहौल में हुए हैं। राजनीतिक विश्लेषक भी दावा करने की स्थिति में नहीं है कि किसकी सरकार बनने जा रही है। इस वजह से एग्जिट पोल्स बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। उनका बेसब्री से इंतजार हो रहा है। अमर उजाला डॉट कॉम पर एग्जिट पोल्स को लेकर पल-पल की रिपोर्ट दी जाएगी। इतिहास की बात करें तो 2013 और 2018 में कुछ ही एग्जिट पोल्स सटीक परिणाम के आसपास पहुंच सके थे। हालांकि, उसमें मिले संकेत बिल्कुल सटीक रहे थे। मसलन 2013 में भाजपा की जीत और 2018 में कांटे के मुकाबले का अनुमान एग्जिट पोल्स ने सटीक लगाया था।

**महिलाओं ने किया बम्पर मतदान**

मध्य प्रदेश विधानसभा की 230 सीटों के लिए 17 नवंबर को मतदान हुआ था। विधानसभा चुनावों के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए इस बार 77.15त्न वोटिंग हुई है। इससे पहले 2018 में 74.97त्न वोटिंग हुई थी। इस बार सिवनी में सबसे अधिक 86.29त्न वोटिंग हुई है। वहीं, छिंदवाड़ा में 85.85त्न, बालाघाट में 85.35त्न, आगर मालवा में 85.09त्न और शाजापुर में 85.01त्न मतदान हुआ है। पुरुष और महिला वोटरों की बात करें तो इस बार दोनों की ही हिस्सेदारी 2त्न-2त्न बढ़ी है। इस बार 78त्न पुरुषों ने 76त्न महिलाओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। भले ही अंतर दो प्रतिशत का दिख रहा हो, 20 साल में 14त्न अधिक महिलाएं वोट डालने मतदान केंद्रों तक पहुंची हैं। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों के एग्जिट पोल्स पर अमर उजाला डॉट कॉम पर खास पेशकश होगी। हर टीवी चैनल और संस्था के एग्जिट पोल में आने वाली जानकारी को यहां अपडेट किया जाएगा। टीवी चैनल्स पर शाम साढ़े छह बजे के बाद मध्य प्रदेश के एग्जिट पोल्स आने लगेंगे। साथ ही अमर उजाला अपने सोशल चैनल्स पर भी इन्हें रियलटाइम अपडेट करेगा।

**इस बार सबसे लंबी 16 दिन तक प्रतीक्षा**

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों में 2533 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, जिनके भविष्य का फैसला तीन दिसंबर को होगा। पहली बार मतदान और नतीजों में 16 दिन का अंतर देखने को मिल रहा है। इससे प्रत्याशियों के साथ-साथ आम लोगों में भी बेचैनी बढ़ रही है। पिछले चुनावों में नतीजों के लिए इंतजार को देखें तो वर्ष 1998 और 2003 में मतदान संपन्न होने के तीसरे दिन चुनाव परिणाम घोषित हो गए थे।

# आर्मी के जवानों ने मचाया उपद्रव, पीड़ित परिवार ने हमले के बाद स्कको सुनाई पूरी दास्तान

एजेंसी



**छतरपुर।** छतरपुर जिले में आर्मी के जवानों ने खूब उपद्रव मचाया था। वहीं, मारपीट का वीडियो भी वायरल हो रहा है। पीड़ित परिवार ने हमले के बाद एसपी से मिलकर शिकायत की है। छतरपुर के नौगांव शहर में आर्मी हवाई अड्डे के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा आरक्षित की गई भूमि की सीमा के पास एक यादव परिवार द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि पर निर्माण कार्य कराया जा रहा था। यादव परिवार का आरोप है कि बीते रोज नकाब बांधकर आए आर्मी के करीब डेढ़ दर्जन जवानों ने न सिर्फ उनके निर्माण कार्य को क्षतिग्रस्त कर दिया, बल्कि परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट भी की। वहीं, पीड़ित परिवार ने सोमवार को नौगांव थाने में मामले की शिकायत की थी और इसके बाद मंगलवार को जिला मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देने आए वार्ड नंबर 11 नौगांव के निवासी संजय सिंह यादव ने बताया कि रक्षा मंत्रालय द्वारा आर्मी हवाई अड्डे के लिए जो भूमि आरक्षित की गई है। उसकी सीमा से काफी दूरी पर वार्ड 11 में उसके परिवार के स्वामित्व की भूमि है। इसी भूमि पर दुकान और भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। निर्माण कार्य करने से पहले परिवार ने नौगांव नगर पालिका से एनओसी जारी कराई है। संजय के मुताबिक, आर्मी की भूमि के पास निर्माण के संबंध में हाईकोर्ट ने रिट पीटिशन में फैसला देते हुए कहा है कि आर्मी की भूमि से 10 मीटर की सीमा में निर्माण करने पर आर्मी से एनओसी लेना आवश्यक है। जबकि हमारा निर्माण आर्मी की भूमि से कई मीटर दूर हो रहा है और 17 नवम्बर 2023 को परिवार ने एडमिन कमांडेंट आर्मी कॉलेज को परिस्थिति से अवगत भी करा दिया था। लेकिन सोमवार दोपहर मिलिट्री स्टेशन नौगांव के एडमिन कमांडेंट ने करीब डेढ़ दर्जन आर्मी के जवानों को निर्माण स्थल पर भेजा। जिन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करते हुए निर्माणाधीन भवन को क्षतिग्रस्त कर दिया। संजय का आरोप है कि जवानों ने परिवार की गायत्री यादव, प्रीती यादव, उमा यादव, अर्चना यादव, अंजना यादव, वेटू, देव, शुभी, अजय, महेश, दिलीप, प्रदीप सहित अन्य लोगों के साथ मारपीट की। निर्माणाधीन स्थल पर तोड़फोड़ करते हुए सामान भरकर ले गए और अजय यादव का मोबाइल भी छीनकर ले गए। एसपी को आवेदन देकर पीड़ित परिवार ने मामले की जांच कराने और निष्पक्ष कार्रवाई कराने की मांग की है।

## परिवार के 48 लोगों ने साथ दिया वोट, 113 साल की अम्मा से लेकर फर्स्ट टाइम वोटर की तस्वीरें



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए पांच बजे तक 888 फीसदी वोट पड़ चुके हैं। मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। कई ऐसी तस्वीरें आई आई हैं जो लोकतंत्र के पर्व की ताकत दिखा रही हैं। जयपुर में एक परिवार 48 सदस्य एक साथ वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पहुंचे तो वहीं 113 साल की अम्मा ने भी नई सरकार चुनने के लिए वोट दिया। ऐसे में साफ दिखाई दे रहा है कि फर्स्ट टाइम वोटर से लेकर हर उम्र के मतदाता में मतदान करने के लिए उत्साह है। जयपुर में एक परिवार ने मतदान के पर्व को बड़े ही उत्साह से मनाया। परिवार के 48 सदस्य ढोल-नगाड़े की थाप पर नाचते हुए वोट डालने के लिए पोलिंग बूथ पर पहुंचे। परिवार के सदस्यों की कतार इतनी लंबी थी कि सभी एक तस्वीर में भी कैद नहीं हो सके। टोंक जिले की निवाई विधानसभा क्षेत्र में 113 साल की बुजुर्ग अम्मा भूली देवी ने वोट देकर नई सरकार चुनने में अपनी भागीदारी दी। वहीं, जयपुर के आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 87 साल के आनंद प्रकाश आहूजा ने वोट दिया। इस दौरान स्काउट गाइड के वॉलंटियर्स उनकी मदद करते नजर आए। जयपुर में ब्यूटी पेजेंट प्राइड मिस राजस्थान की विनर रहीं भवलीन कौर ने पहली बार मतदान किया। मिसेज इंडिया श्वेता मेहता मोदी ने भी मतदान कर लोगों से वोट देने की अपील की। जयपुर जिले के हवामहल विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले भगवान सहाय गुर्जर की तबीयत खराब थी। वे चलने में असमर्थ थे। ऐसे में परिजन उन्हें खाट पर लेकर मतदान केंद्र पहुंचे और मतदान कराया।

# फूलगोभी के लिए मर्डर!

# चोरी के आरोप में एक शख्स को पीट कर मार डाला

संवाददाता



**बिहार।** मोतिहारी में फूलगोभी चोरी के आरोप में हत्या का सनसनीखेज वारदात सामने आया है। मधुबन थाना क्षेत्र में 50 वर्षीय व्यक्ति की पीट कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान बारा पाकड़ गांव के रहनेवाले रघुनाथ प्रसाद के तौर पर हुई है। दुलमा पंचायत के बारा पाकड़ वार्ड नंबर 9 की घटना है। बिहार के पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) जिले में कथित तौर पर फूलगोभी चुराने के आरोप में 50 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। मृतक रघुनाथ प्रसाद के परिवार के सदस्यों ने दावा किया कि जब वो मंगलवार को घर लौट रहे थे, तब दो लोगों ने उन्हें रोका। उन्होंने उन पर डंडों और धारदार हथियारों से बेरहमी से हमला किया। आरोपियों ने उनके खेत से फूलगोभी चोरी करने का आरोप रघुनाथ प्रसाद पर लगाया। हमले में वो गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए मधुबन ब्लॉक के नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि रघुनाथ प्रसाद सुबह में अपने खेत से लौट रहे थे। तभी पड़ोस में रहने वाले पिता-पुत्र ने लाठी-डंडे और नुकीले हथियार से हमला कर दिया। पिटाई से जख्मी रघुनाथ प्रसाद को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने कहा कि फूलगोभी चुराने का आरोप लगाकर उनकी हत्या की गई।

**पुलिस कर रही मामले की जांच**

घटना के बाद मधुबन थाना प्रभारी रमन कुमार और सर्किल इंस्पेक्टर अशोक कुमार पाण्डेय ने घटनास्थल का दौरा किया और मामले की जांच की। पूर्वी चंपारण जिले के पकड़ी दयाल रेंज के एसएचओ सुबोध कुमार ने कहा, %हमें पीड़ित परिवार से एक लिखित शिकायत मिली है। दो व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और जांच जारी है। आरोपी फरार है। हम उन्हें पकड़ने के प्रयास कर रहे हैं।%

**मामले को सुलझाने की हुई थी कोशिश**

वारदात के बाद आरोपियों ने पीड़ित के घर वालों को रुपए देकर मामले को सुलझाने का भी प्रयास किया। पकड़ी दयाल डीएसपी सुबोध कुमार ने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है। 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत की घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

## इंदौर में सुबह छाया घना कोहरा, 15 से ज्यादा उड़ानें हुई लेट

संवाददाता

**इंदौर।** ठंड का असर वन्य प्राणियों के स्वास्थ्य पर न पड़े। इसके लिए जू प्रबंधन ने पिंजरों में ब्लोअर, कंबल, लकड़ी का बुरादा और सूखी घास का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। धूप नहीं निकलने से दिनभर वन्य प्राणी भी परेशान हो रहे है। शहर में अब ठंड अपना रंग दिखाने लगी है। रात और दिन के पारे में सात डिग्री का अंतर रह गया है। बुधवार सुबह शहर कोहरे की चादर में लिपटा रहा। इससे सुबह सवा घंटे हवाई यातायात प्रभावित रहा। सुबह की 15 से ज्यादा उड़ानें लेट हो गई।वही सुबह की ट्रेनें भी नियंत्रित गति से चली। सुबह छह बजे के बाद कोहरा घना हो गया और शहर में दृश्यता कम हो गई। सड़कों पर सुबह चलने वाले वाहनों की गति भी धीमी हो गई थी और वाहन चालक हेडलाइट आन कर वाहन चला रहे थे। उधर सुबह इंदौर आने वाली अहमदाबाद, जयपुर, दिल्ली,हैदराबाद, नासिक, राजकोट, जबलपुर जाने वाली उड़ान भी एक से डेढ़ घंटे लेट हो गई। कोहरे के कारण विमान उड़ान नहीं भर पा रहे थे। इस कारण दिन भर उड़ानों का शेड्यूल भी गड़बड़ रहा। इंदौर आने वाले विमान भी मौसम साफ होने के इंतजार में हवा में चक्कर लगाते रहे और वे भी लेट हो गए। बुधवार को शहर में बारिश तो नहीं हुई, लेकिन दिनभर धूप भी नहीं निकली। दिन का तापमान सामान्य से (24 डिग्री सेल्सियस) छह डिग्री कम रहा,जबकि रात का तापमान 16.4 डिग्री रहा। रात और दिन के तापमान में सात डिग्री का ही अंतर आ रहा है। रात का तापमान सामान्य से चार डिग्री ज्यादा रहा। मौसम विभाग के अनुसार अरब सागर से उठा चक्रवाती घेरा प्रदेश में सक्रिय है। इस कारण आने वाले तीन चार दिनों तक मौसम ठंडा रहेगा और गरज-चमक के साथ बारिश भी हो सकती है।

**जू में वन्य प्राणियों को ठंड से बचाने के लिए लगाए ब्लोअर**

ठंड का असर वन्य प्राणियों के स्वास्थ्य पर न पड़े। इसके लिए जू प्रबंधन ने पिंजरों में ब्लोअर, कंबल, लकड़ी का बुरादा और सूखी घास का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। धूप नहीं निकलने से दिनभर वन्य प्राणी भी परेशान हो रहे है।

# ब्वॉयफ्रेंड के कहने पर गर्ल पीजी के बाथरूम में लगाया हिडन कैमरा, चंडीगढ़ में मोहाली यूनिवर्सिटी जैसी घटना

- चंडीगढ़ में मोहली की यूनिवर्सिटी जैसी घटना का हुआ खुलासा।
- सेक्टर 22 के गर्ल एक पीजी के बाथरूम में लगा था हिडन कैमरा।
- पुलिस ने आरोपी लड़की और उसके ब्वॉयफ्रेंड को किया अरेस्ट
- एक लड़की को नहाते वक्त दिखाई पड़ा यह हिडन कैमरा चंडीगढ़ के एक गर्ल्स हॉस्टल के बाथरूम में मिला हिडन कैमरा।
- शॉपिंग अलर्ट- हेडफोन और पार्टी स्पीकर पर 65% तक की छूट- अभी देखें।

एजेंसी



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ से एक बार फिर शर्मनाक घटना सामने आई है। लड़कियों के एक पीजी में हिडन कैमरे से अश्लील वीडियो बनाने का खुलासा हुआ है। पुलिस ने पीजी संचालक की शिकायत पर आरोपी लड़की और ब्वॉयफ्रेंड को अरेस्ट कर लिया है। पुलिस ने दोनों के फोन को कब्जे में लेकर जांच को भेजा है। पंजाब की मोहली स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में छात्राओं के अश्लील वीडियो कांड के बाद अब चंडीगढ़ से वैसा ही मामला सामने आया है। शर्मसार करने वाले इस मामले में एक लड़की ने पीजी के बाथरूम में हिडन कैमरा लगाया हुआ था। पीजी के बाथरूम में लड़कियों के वीडियो बनाए जाने के खुलासे के बाद हड़कंप मच गया है। पीजी में रहने वाली एक लड़की कैमरे में रिकॉर्ड हुए अश्लील वीडियो अपने ब्वॉयफ्रेंड को भेजती थी। पुलिस ने आरोपी लड़की और उसके ब्वॉयफ्रेंड को अरेस्ट किया है। चंडीगढ़ पुलिस में डीएसपी रामगोपाल ने बताया कि चंडीगढ़ के सेक्टर 22 में स्थित क्क के बाथरूम में कैमरा लगाकर साथी लड़कियों का अश्लील फोटो वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। लड़की ने बाथरूम में गीज़र के ऊपर कैमरा लगा दिया था जिससे युवतियों की अश्लील वीडियो बनाकर अपने ब्वॉयफ्रेंड को भेज सके। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि लड़की ने अपने ब्वॉयफ्रेंड के कहने पर बाथरूम में कैमरा लगाया। पीजी की एक लड़की को नहाते वक्त गीजर पर जब कैमरा दिखा तो तब इस मामले का खुलासा हुआ। लड़की ने पीजी संचालक को सूचना दी। संचालक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को सूचना दी और इस पूरे मामला का भंडफोड़ हुआ।

**मोबाइल फोन लैब में जांच को भेजे**

पुलिस ने मामले के खुलासे के बाद दोनों के मोबाइल फोन सील करके सीएफएसएल लैब में भेजा है। लैब की रिपोर्ट में खुलासा होगा कि आरोपियों ने साथी लड़कियों के कितने वीडियो बनाए हैं वह आगे किस-किस को भेजे हैं? पुलिस अभी इसकी जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों से पूछताछ करने के साथ उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कोर्ट में पेश करने के बाद दोनों को रिमांड पर लिया जाएगा। तो वहीं दूसरी तरफ से इस खुलासे के बाद पीजी की रह रही छात्राओं में डर का माहौल है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 354सी, 509 और 66 आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## दिल तो सबका दुखा है, लड़कों ने बहुत मेहनत की थी : सुरेश रैना

# टॉस हारने के बाद ही हम मैच हार गये थे : पठान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्व कप फाइनल में भारत को हार का सामना करना पड़ा था। इरफान पठान और सुरेश रैना ने भारत की हार का कारण बताया। साथ ही यह भी बताया कि टीम इंडिया ने कहां चूक की। जम्मू-कश्मीर में भारत के दो पूर्व दिग्गज क्रिकेट सुरेश रैना और इरफान पठान पहुंचे। इन दोनों ने क्रिकेट से जुड़ी कई कहानियां बताई। साथ ही भारतीय टीम के विश्व कप फाइनल में हार की वजहें भी बताई। रैना ने टीम इंडिया की हार पर बयान देते हुए कहा कि दिल तो सबका दुखा है। लड़कों ने बहुत मेहनत की थी।




### रैना ने बताया कहां हुई टीम इंडिया से चूक

रैना ने कहा- हिंदुस्तान की यह विश्व कप में अब तक की सर्वश्रेष्ठ टीम थी। गेंदबाजी देखिए। विराट का 50वां शतक आया। सचिन के होम ग्राउंड पर उनके सामने शतक बनाया। एक मैच खराब गया तो टीम को जज नहीं करना चाहिए। हम अच्छा खेले। रोहित अगर आउट नहीं होते तो हमने 325 रन बना दिए होते। कम स्कोर होता है तो उसे बचाना मुश्किल होता है। अगर चालीस-पचास रन और बने होते तो स्टेडियम गूंज रहा होता। वहां विकेट स्लो था। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी की तारीफ करनी होगी। ट्रेविस हेड ने बहुत अच्छा कैच पकड़ा।

### इरफान पठान ने पिच की जानकारी दी

वहीं, पठान ने भारत की हार पर प्रकाश डालते हुए कहा- मैच के एक दिन पहले कुछ सवालों के जवाब दिए थे। मेरा यही कहना था कि पूरी टीम सोच रही होगी कि टॉस जीतकर बल्लेबाजी करें। मैं अहमदाबाद की पिच जानता हूं। वहां लक्ष्य का पीछा करना ज्यादा सही रहता। पाकिस्तान को हमने 200 भी नहीं बनाने दिए। न्यूजीलैंड भी लक्ष्य का पीछा करते हुए जीता था। हर मौसम में वहां की पिच अलग तरह से बिहेव करती है। नमी की वजह से भी पिच सैटल हो जाती है। मेरा मानना था कि टीम को टॉस जीतकर लक्ष्य का पीछा करना चाहिए। हालांकि, फिर भी हमने लड़ाई की। जब हम बैटिंग कर रहे थे तो देख रहे थे कि ज्यादा बल्लेबाजी नहीं बची है। जब रोहित आउट हुए, उसके बाद भी हम 300 बना सकते थे। जब हमने 240 बनाए तो खेल वहीं खत्म हो गया।

### मैच में क्या हुआ था?

दरअसल, विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम 50 ओवर में 240 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने 43 ओवर में चार विकेट पर 241 रन बनाकर मैच को जीत लिया। कंगारू टीम के लिए ट्रेविस हेड ने 141 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। मार्नश लाबुशेन ने नाबाद 58 रन बनाए। मिचेल मार्श 15, डेविड वॉर्नर सात, स्टीव स्मिथ चार रन बनाकर आउट हुए। ग्लेन मैक्सवेल ने नाबाद दो रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया छठी बार विश्व विजेता बना है। वहीं, भारत का तीसरी बार ट्रॉफी जीतने का सपना टूट गया। उसने टूर्नामेंट में लगातार 10 मैच जीते, लेकिन 11वें मुकाबले में टीम पिछड़ गई। भारत को दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। पिछली बार 2003 में रिकी पोंटिंग की कप्तानी वाली टीम ने हराया था।

### कोहली और राहुल ने लगाया अर्धशतक

इससे पहले भारत के लिए केएल राहुल ने सबसे ज्यादा 66 और विराट कोहली ने 54 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा ने 47 और सूर्यकुमार यादव ने 18 रन बनाए। कुलदीप यादव ने 10 रनों का योगदान दिया। इन पांच खिलाड़ियों के अलावा कोई भी दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। रवींद्र जडेजा नौ, मोहम्मद शमी छह, श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल चार-चार रन बनाकर आउट हुए। जसप्रीत बुमराह एक रन ही बना पाए। मोहम्मद सिराज नौ रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। पैट कमिंस और जोश हेजलवुड को दो-दो सफलता मिली। ग्लेन मैक्सवेल और एडम जम्पा ने एक-एक विकेट लिए।

### विश्व कप में पहली बार ऑलआउट हुई भारतीय टीम

भारत के लिए इस मैच में विराट कोहली और केएल राहुल ने चौथे विकेट के लिए 67 रन की सबसे बड़ी साझेदारी की। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने दूसरे विकेट के लिए 46 रन जोड़े। रोहित, कोहली और राहुल अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए। श्रेयस अय्यर, शुभमन गिल, सूर्यकुमार बड़े मौके पर फेल हो गए। भारत पहली बार इस विश्व कप में ऑलआउट हुआ है और मैच भी हार गया।

# केन विलियम्सन ने लगातार चौथे टेस्ट में शतक जड़ा ब्रैडमैन-विराट की इस मामले में बराबरी की

एजेंसी

**सिलहट।** न्यूजीलैंड की टीम फिलहाल बांग्लादेश के दौरे पर है। दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेले जाने के बाद अब दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। सिलहट में खेले जा रहे पहले टेस्ट में बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 310 रन बनाए थे। जवाब में दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में आठ विकेट गंवाकर 266 रन बना लिए हैं। केन विलियम्सन ने 104 रन की पारी खेली। उन्होंने लगातार चौथे टेस्ट में चौथा शतक लगाया। यह विलियम्सन के टेस्ट करियर का 29वां शतक रहा और उन्होंने इस मामले में विराट कोहली और महान डॉन ब्रैडमैन की बराबरी कर ली है।



विराट ने भी 29 शतक लगाए हैं, जबकि ब्रैडमैन ने भी 29 टेस्ट शतक लगाए थे। विलियम्सन ने ऐसा 95वें टेस्ट की 165वीं पारी में किया है, जबकि कोहली ने ऐसा 111वें टेस्ट की 187वीं पारी में 29 शतक लगाए थे। हालांकि, ब्रैडमैन ने 51 टेस्ट की 79वीं पारी में ही 29 शतक लगा दिए थे। विलियम्सन न्यूजीलैंड की ओर से टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में शीर्ष पर हैं। दूसरे नंबर पर पूर्व कीवी बल्लेबाज रॉस टेलर हैं। उन्होंने 19 टेस्ट शतक लगाए थे। वहीं, ओवरऑल वह 17वें स्थान पर हैं। टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में भारत के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर शीर्ष पर हैं। उन्होंने 51 टेस्ट शतक लगाए थे। विलियम्सन न्यूजीलैंड के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने 95 टेस्ट में 55.22 की औसत से 8228 रन बनाए हैं। 29 शतक के अलावा उनके नाम 33 अर्धशतक हैं। 251 रन टेस्ट में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। टेस्ट मैच की बात करें तो बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 85.1 ओवर में 310 रन पर सिमट गई। महमूदुल हसन जॉय ने 86 रन की पारी खेली। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने 37 और मोमिनुल हक ने 37 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स ने चार विकेट लिए, जबकि काइल जेमीसन और एजाज पटेल को दो-दो विकेट मिले। कप्तान टिम साउदी और ईश सोढ़ी को एक-एक विकेट मिला। जवाब में न्यूजीलैंड के लिए विलियम्सन ने 11 चौके की मदद से 104 रन बनाए। वहीं, डेरिल मिचेल ने 41 रन और फिलिप्स ने 42 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने तक जेमीसन सात और साउदी एक रन बनाकर क्रीज पर हैं। बांग्लादेश की ओर से तैजुल इस्लाम नए अब तक सबसे ज्यादा चार विकेट लिए हैं। वहीं, शोरिफुल इस्लाम, मेहदी हसन मिराज, नईम हसनऔर मोमिनुल ने एक-एक विकेट लिया है। इससे पहले न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-0 से अपने नाम की थी।

# 33 साल की उम्र में प्लंबर से तीरंदाज बने राकेश लगाई स्वर्णिम हैट्रिक

एजेंसी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में अमर उजाला संवाद 2023 में देश के बेहतरीन पैरा तीरंदाज में से एक राकेश कुमार शामिल हुए। 38 साल के राकेश देश के लिए लगातार तीन स्वर्ण पदक जीते हैं और पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं। वह 33 साल की उम्र में पैरा तीरंदाजी में आए और एक साल बाद पहला स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद से वह लगातार कमाल कर रहे हैं। उनका मानना है कि पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद ही उनका सपना पूरा होगा। राकेश ने बताया कि वह किसान के बेटे हैं, शुरुआत में वह प्लंबर हुआ करते थे और सामान्य रूप से अपना जीवन-यापन करते थे। इसके बाद हादसे का शिकार हो गए और उनके पैरों ने काम करना बंद कर दिया। शुरुआत में उन्हें बहुत परेशानी होती थी, लेकिन बाद में उन्होंने यह मान लिया कि उनका जीवन व्हीलचेयर पर ही कटना है। इसके बाद उनकी मुलाकात मां वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड से जुड़े तीरंदाजी कोच से हुई। यहां से उनका जीवन बदल गया। राकेश ने 33 साल की उम्र में तीरंदाजी शुरू की और एक साल बाद पहला स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। राकेश की उम्र काफी ज्यादा है। वह अन्य खिलाड़ियों से काफी बड़े हैं, लेकिन इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। वह रोज सुबह पांच बजे उठ जाते हैं, चाहे कितनी देर से सोए हों। सामान्य दिनों में वह 9-10 बजे तक सो जाते हैं। सुबह उठकर वह 1-2 किलोमीटर व्हीलचेयर चलाते हैं और कुछ योगासन करते हैं। वह अपनी डाइट का भी ध्यान रखते हैं और मीठा नहीं खाते हैं। इसी वजह से उनका पसंदीदा खाना वेज बिरयानी है। राकेश देश के लिए पैरा तीरंदाजी में लगातार तीन स्वर्ण जीत चुके हैं और उनका सपना देश के लिए पैरालंपिक स्वर्ण जीतना है। शुरुआत में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं था और पहले राष्ट्रीय खेलों में वह 17वें स्थान पर थे। इसके बाद उन्हें पता चला कि कितनी मेहनत करनी है और उन्होंने जी जान लगाकर मेहनत की। इसी वजह से वह अब कमाल कर रहे हैं और उनसे देश को पैरालंपिक स्वर्ण की आस है। राकेश का कहना है कि जब आप स्वर्ण पदक जीतते हैं और तिरंगा लेकर आप वहां पहुंचते हैं। ऐसे में राष्ट्रगान बजता है तो यह सबसे ज्यादा गर्व की बात होती है। श्री माता देवी वैष्णो श्राइन बोर्ड पहला ऐसा ट्रस्ट है, जिसने खेलों को इतना बढ़ावा दिया है। इस ट्रस्ट के खिलाड़ी 200 से ज्यादा पदक जीत चुके हैं। हमारे कोच न को छुट्टी लेते हैं और न ही लेने देते हैं। साल में 365 दिन अभ्यास करने का नतीजा है कि हम लगातार अच्छा कर रहे हैं।

# विश्व का सबसे बड़ा क्लासरूम 'स्मिथसोनियन'



## लाल ईंटों का महल जैसा

साल 1850 में एक अंग्रेज के तोहफे की मदद से दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम कांप्लेक्स स्मिथसोनियन तैयार हुआ, जो कि अमेरिका की राजधानी का चमता हुआ आभूषण बन गया। चलते हैं आज इसके सफर पर जब मैंने 'स्मिथसोनियन' से अपने होटल वापस जाने का रुख किया, तो मैंने खुद से कहा कि मैं यहां दोबारा जरूर आऊंगी। मैं वॉशिंगटन डीसी के मुख्य मागरें पर छह घंटे पैदल घूमी, जहां मैंने इसके 11 म्यूजियम के चक्कर लगाए, लेकिन मैं और भी देखना चाहती थी।

19 म्यूजियम, जो स्मिथसोनियन समूह के अंदर आते हैं, उनमें से ग्यारह नेशनल मॉल एरिया के आस-पास हैं। ये अमेरिका के सबसे ज्यादा घूमे जाने वाले आकर्षण व्हाइट हाउस के आस-पास हैं। 2017 में जब वहां घूमने वालों की गिनती हुई थी, तो दुनियाभर के तकरीबन 30 मिलियन (3 करोड़) लोग पेड़ों से घिरे इन रास्तों पर गुजर चुके थे, जहां मैं म्यूजियम चुनने के लिए घूम रही थी। नवंबर के महीने में यहां घूमने आने वालों की संख्या कम होती है, इसलिए भीड़ भी कम होती है, फिर भी मुझे सैलानियों के समूहों की भीड़ की वजह से नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम की यात्रा को हाथ से जाने देना पड़ा। स्पेस म्यूजियम के बाहर मैंने सैलानियों का एक और समूह देखा, जाहिर है वे भारतीय थे। वे लोग अंदर जाने के लिए काफी संख्या में जुट रहे थे। सभी म्यूजियम की एंट्री पूरी तरह से मुफ्त है। उस जगह मौजूद हर बिल्डिंग में कई म्यूजियम विशिष्ट, वास्तुकला की बारीकियों के लिहाज से प्रत्येक अलग थे, लेकिन जिस एक बिल्डिंग ने मेरा ध्यान खींचा वह एक लाल रंग की बिल्डिंग थी। वह देखने में ऐसी लग रही थी कि मानो उसे ऑक्सफोर्ड या कैंब्रिज की दुनिया से लाकर ही यहां रखा गया है। मुझे पता चला कि इस बिल्डिंग को द कासल के नाम से जाना जाता है।

**लाल ईंटों का महल जैसा :** 1847 में, एक 28 साल के आर्किटेक्ट जेम्स रेनविक को म्यूजियम बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी। इसे ऑक्सफोर्ड की तरह दिखने वाले लाल ईंटों के महल की तरह बनाने को कहा गया ताकि यह सिद्ध हो सके कि अभी भी अमेरिका के लोग संस्कृति से पूरी तरह विमुख नहीं हुए थे। इस बिल्डिंग में एक आर्ट गैलरी, एक पुस्तकालय, एक रसायन प्रयोगशाला, लेक्चर हॉल और ऑफिस हैं। लेकिन इन सालों में, एक शिक्षण के रूप में शुरू किए गए इस शैक्षिक संस्थान में वृद्धि हुई। इसमें अधिकारियों ने कलाकृतियों को जोड़ा। इस प्रकार सैलानियों से अर्जित राजस्व में वृद्धि हुई। जल्द ही इतना पैसा इकट्ठा हो गया कि उससे दूसरी बिल्डिंग बनाई जा सके, जिसे आर्ट्स गैलरी का नाम दिया गया। आज यह दुनिया के सबसे बड़े म्यूजियम परिसरों में गिना जाता है, जिसका उद्देश्य आगंतुक को अमेरिकी कला, अफ्रीकी कला, विज्ञान, वायु और अंतरिक्ष, प्रकृति इतिहास, डाक इतिहास, ललित कला और मूर्तिकला, 3डी इमेजिंग, रोबोटिक्स और अन्य विषयों के बारे में बताना और ज्ञानवर्धन करना है।

**14 करोड़ सामान:** कई इमारतों में हुए संग्रह में कुल 138 मिलियन सामान हैं और कई अन्य सामान दुनिया के तमाम हिस्सों से जुटाए जा रहे हैं। द कासल में आगंतुक तमाम म्यूजियम की प्रकृति और बनावट के बारे में समझ सकते हैं और अपना चुनाव कर सकते हैं।

**आर्थर सैकलर गैलरी, एशियन आर्ट:** इस गैलरी में एक सरप्राइज है। भारतीय मूर्तिकार सुबोध गुप्ता ने यहां कुछ बनाकर रखा हुआ है, जिसका नाम है टर्मिनल, यह तांबा और स्टील के बर्तन और धागों से बना परिदृश्य है। ज्यामितीय और वास्तुशिल्प दोनों के हिसाब से, यह मुझे धागे के जाल के अंदर और बाहर जाने देता है। इसने मुझे गर्व से भर दिया कि प्रदर्शनी में इसकी जगह कितनी गरिमापूर्ण है। मैंने यहां कांस्य और पत्थर की सुंदर मूर्तिकलाएं भी देखीं, जिन पर स्पष्ट रूप से लेबल दिखाई देता है, बुद्ध कक्ष में प्रवेश करें, जहां धूप की सुगंध है और लद्दाख के मठों में लगातार जप किया जाता है और छठी शताब्दी में उकेरे गए किजिल, चीन के भित्तिचित्र हैं जो अजंता की शैली और रंग से संबंधित हैं। यमन लॉस्ट सिटी नामक एक प्रदर्शनी बेहद मार्मिक थी। इसमें दिखाया गया है कि कभी यमन कैसा था।




## हिर्सशोर्न म्यूजियम

हिर्सशोर्न म्यूजियम इस गोल बिल्डिंग के आसपास का मिजाज यहां का मुख्य आकर्षण था। यह प्रदर्शनी, एशियाई कला के विपरीत, कलाकृति बनाने में मानव हृदय की धड़कन का उपयोग करती है। मैक्सिको में जन्मे कलाकार राफेल लोजानो ने सेंसर के माध्यम से बताया कि कैसे मैंने कमरे में एक श्रृंखला की चीजों को छुआ। मेरे दिल की धड़कनों ने बल्ब जलाए या पानी की तरंगों को उत्पन्न किया और मेरी धड़कनें ऐक्रेलिक पैनलों को पता लगीं। जैसे ही मेरे पीछे का व्यक्ति मेरी जगह लेता है, मेरी रचना दूसरों से जुड़ने के लिए आगे बढ़ती, जो मुझसे आगे निकल गए हैं और इस प्रकार हर कमरा उज्जवल, स्पंदनशील बैकग्राउंड का एक कभी-कभी बदलने वाला कैनवास बनाता रहा। म्यूजियम ऑफ अफ्रीकन आर्ट

यहां रोजाना इस्तेमाल में आने वाली खास चीजें थीं, जिनमें सजी हुई लौकी और एंब्रॉयड्री किए हुए कपड़ों की पट्टियां थीं, जिनमें दवाइयां थीं। लेकिन मेरी नजर पड़ी एक मूर्तिकला पर जिसे घाना के एल अनासुती ने बनाया था। उन्होंने 1944 में इसे बनाया था जिसमें उन्होंने पर्यावरण के लिए अपनी चिंता का एक भावनात्मक प्रदर्शन किया था। यह, जहां वे रहते थे, वहां फेंकी गई बोतलों के ढक्कन की मदद से पूरी तरह से मोड़ी जा सकने वाली मूर्ति थी। यह मुझे अपने घर ले आया कि हम कितना कुछ लापरवाही में यूं ही बर्बाद कर देते हैं मैंने यहां कई तरह के संग्रहालयों में से कुछ के माध्यम से चलने का सिर्फ एक नमूना पेश किया। जिन्हें कितनी अच्छी तरह से बनाए रखा गया है। यह दिमाग को खोल सकता है और कल्पना को उस जगह तक पहुंचने के लिए बता सकता है।

## म्यूजियम ऑफ अफ्रीकन आर्ट





## म्यूजियम की असल कहानी

1855 में बने इस आलीशान महल के अंदर ऊंची-ऊंची छत वाले कमरे हैं। जहां से सैलानी इस म्यूजियम के बनने के पीछे की वास्तविक और अनोखी कहानियों के बारे में जान सकते हैं। कहानी शुरू होती है वर्ष 1765 में, जब इंग्लैंड के नॉर्थबरलैंड के पहले ड्यूक ह्यू स्मिथसन का नाजायज बेटा पैदा हुआ था। वह पेरिस के एक गुप्त घर में पैदा हुआ था, जिसे हम जेम्स स्मिथसन के नाम से जानते हैं, इंग्लैंड जा बसा और उसने ऑक्सफोर्ड में खुद को प्रशिक्षित किया। वहां उसे प्रकृति विज्ञान में गहरी रुचि विकसित हुई। वैज्ञानिक के रूप में अपना नाम बनाने की इच्छा के साथ, उसने खनिज लवण और अयस्क के नमूने इकट्ठे करने शुरू किए और अपने प्रयोग के परिणाम को प्रकाशित कराया। इस प्रकार उसने अपने लिए प्रशंसा कमाई और रॉयल सोसाइटी ऑफ लंदन की सदस्यता भी हासिल की। अपनी वसियत में जेम्स स्मिथसन ने अपनी इकट्ठी की गई पूरी जायदाद अपने भतीजे हेनरी जेम्स हंगरफोर्ड के नाम कर दी और साथ में यह भी जोड़ा कि यदि उसका भतीजा बिना किसी वारिस के मर जाता है, तो सारा पैसा अमेरिका को वॉशिंगटन में ज्ञान के प्रचार-प्रसार के लिए बनाए गए 'स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूट' में दे दिया जाना चाहिए। जब हेनरी वास्तव में बिना किसी वारिस के ही मर गया तो वसीयत में बताए गए अमेरिका के इंस्टीट्यूट को लेकर चर्चा होने लगी। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं, अमेरिकी सरकार में कई ऐसे थे

## सत्या सरन




स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्लवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एव ं पहला तल, निधि काम्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित। RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देय ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार सामाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त कराना है।